P372

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 14 मार्च 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 117

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com

dainikindoresanket

dainikindoresanket

dainikindoresanket24@gmail.com



राष्ट्रपिता को नमन...

**अंदर के पन्नों पर...**

आईडीए : धड़ाधड़ भर्तियों पर पोरवाल पर उठ रही उंगलियां



पेज-2

ऋषिकेश में ट्रेकिंग ट्रिप पर पहुंचीं निकिता



पेज-5

ओटीपी रोक रहा सिलेंडर की डिलीवरी




पेज-6

**न्यूज ब्रीफ**

- नॉर्थ कोरिया ने पूर्वी तट से दूर समुद्र की ओर दागी मिसाइल
- बगदाद में अमेरिकी एंबेसी पर बड़ा हमला, हेलीपैड पर गिरी मिसाइल, धू-धू कर जला परिसर
- लेबनान में इजरायली हमले में मौतों का आंकड़ा 773 पहुंचा, 1,933 लोग जख्मी
- एयर रिफ्यूलिंग मिशन के दौरान इराक में 6 ओहायो सैनिक शहीद, गवर्नर ने की पुष्टि
- इराकी 'इस्लामिक रेजिस्टेंस' का ऐलान, अमेरिकी सैनिकों की जानकारी देने पर 114 हजार डॉलर का ईनाम

# सीएम और संगठन नेताओं के दिल्ली दौरे से बढ़ी सियासी हलचल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● सत्ता और संगठन नेताओं के लगातार दिल्ली दौरों ने प्रदेश के सियासी पारे को गर्मा दिया है। लंबे समय से मंत्री पद के इंतजार में बैठे विधायकों को उम्मीद जगने लगी है। विधायकों की संख्या के मान से मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव अपने कुनबे में तीन से चार सदस्यों को शामिल कर सकते हैं। यह विस्तार क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधन के लिए किया जा सकता है। हालांकि मौजूदा मंत्रियों की परफार्मेन्स रिपार्ट भी विस्तार के समय सामने रखी जा सकती है।

गौरतलब है कि हाल ही में सीएम की गृह मंत्री अमित शाह से हुई मुलाकातों ने विस्तार की अटकलों को बल दे दिया है। कुछ दिनों पूर्व ही सीएम ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ शाह समेत कुछ अन्य नेताओं से मुलाकात की थी। दोनों नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी मिले थे। इसके ठीक बाद फिर सीएम ने शाह से मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इन मुलाकातों के दौरान सत्ता और संगठन के कामों पर चर्चा हुई है। प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल भी शाह से मुलाकात कर चुके हैं। गुरुवार को भी सीएम दिल्ली में थे। उनके अलावा प्रहलाद पटेल और कैलाश विजयवर्गीय भी दिल्ली में थे। सीएम ने पटेल के साथ कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मुलाकात की थी। वहीं विजयवर्गीय के बारे में बताया जा रहा है कि वे निजी कार्यक्रम से दिल्ली गए थे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सीएम अपने के बाद 25 दिसम्बर को 2023 को मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। वर्तमान में प्रदेश कैबिनेट में दो उप मुख्यमंत्रियों को मिलाकर 20 कैबिनेट, 6 राज्यमंत्री स्वमंत्र प्रभार और 4 चार राज्य मंत्री है। प्रदेश में पहली बार चुनाव जीते विधायकों को राज्यमंत्री बनाया गया था। यह लंबे समय बाद हुआ है।

### गुजरात फार्मूले की सुगबुगाहट

*दो साल से कुछ अधिक समय पहले हुए विस्तार में कुछ सीनियर विधायकों को मौका नहीं मिला था। अब चर्चा इस बात की है कि प्रदेश में गुजरात फार्मूला लागू करने पर भी विचार किया जा सकता है। इसमें सीनियर विधायकों को मौका मिल सकता है। चर्चा इस बात की भी है कि कुछ सीनियर मंत्रियों को केन्द्रीय संगठन में भी बड़ी जिम्मेवारी आने वाले दिनों में मिल सकती है। वहीं सत्ता और संगठन ने मंत्रियों के दो साल के कामकाज की भी रिपोर्ट तैयार करवाई है। परफार्मेन्स के आधार पर भी कुछ मंत्रियों को विश्राम दिया जा सकता है तो कुछ मंत्रियों के प्रभार के जिलों में भी बदलाव किया जा सकता है।*

# मोबाइल डेटा पर सरकार लगा सकती है नया टैक्स




**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● भारत में आने वाले समय में मोबाइल इंटरनेट इस्तेमाल करना महंगा हो सकता है। सरकार मोबाइल डेटा के इस्तेमाल पर नया टैक्स लगाने के विकल्प को देख रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले में डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन से कहा गया है कि वह इस पर स्टडी करे और बताए कि क्या डेटा यूज़ पर टैक्स लगाना संभव है या नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में टेलीकॉम सेक्टर की एक रिव्यू मीटिंग में यह मुद्दा सामने आया।

इसके बाद DoT को कहा गया कि वह यह जांच करे कि मोबाइल डेटा के इस्तेमाल पर टैक्स लगाया जा सकता है या नहीं और अगर लगाया जाए तो उसका मॉडल क्या होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार सरकार जिस विकल्प को देख रही है उसमें 1 प्रति GB डेटा पर टैक्स लगाया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो हर बार जब कोई यूजर मोबाइल डेटा इस्तेमाल करेगा तो उस पर यह अतिरिक्त चार्ज जुड़ सकता है। बताया जा रहा है कि अगर 1 प्रति GB का टैक्स लागू होता है तो इससे सरकार को हर साल लगभग 22,900 करोड़ तक की कमाई हो सकती है। हालांकि अभी यह सिर्फ एक प्रस्ताव है और इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। भारत दुनिया के उन देशों में है जहां मोबाइल डेटा काफी सस्ता है। सस्ते इंटरनेट की वजह से भारत में डेटा की खपत बहुत तेजी से बढ़ी है। वीडियो स्ट्रीमिंग, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और रील्स देखने की वजह से मोबाइल डेटा का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। एक और अहम बात यह है कि अभी भी मोबाइल रिचार्ज और पोस्टपेड बिल पर 18% त्स्ज्ञ लिया जाता है। यानी यूजर्स पहले से ही टेलीकॉम सर्विस पर टैक्स दे रहे हैं। अगर भविष्य में डेटा पर अलग से टैक्स लगाया जाता है तो यह मौजूदा टैक्स के अलावा एक नया चार्ज हो सकता है। फिलहाल सरकार ने छ्श्ज्ञ से कहा है कि वह इस प्रस्ताव की पूरी स्टडी करे और इसके फायदे-नुकसान को समझे। रिपोर्ट आने के बाद ही सरकार तय करेगी कि भारत में मोबाइल डेटा के इस्तेमाल पर नया टैक्स लगाया जाएगा या नहीं।

## ट्रैफिक जाम के साथ ही शहर में फैला रहे प्रदूषण का जहर, कोई तो देखे

# स्मार्ट सिटी में सड़कों पर दौड़ते 5 लाख से ज्यादा खटारा वाहनों से कब मिलेगी मुक्ति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर की आबादी और रहवासी इलाका दिनों दिन बढता जा रहा है। उसके साथ ही यहां वाहनों की संख्या भी तेजी से बढ रही है। हालात तो ये है कि कई परिवारों के पास आधा दर्जन से ज्यादा वाहन हैं। झुग्गी बस्ती में रहने वालों के पास भी कई वाहन हैं। कई लोग वाहनों का शौक पालने के चक्कर में सालों पुराने सस्ते वाहन खरीद लेते हैं उनके पास पार्किंग का स्थान भी नहीं होता।

ये लोग वाहन सड़कों पर पार्क कर देते हैं और इस तरह के खटारा वाहन स्मार्ट सिटी में प्रदूषण फैलाते हैं। हाल फिलहाल तो हालात ठीक हैं लेकिन जिस तरह शहर में प्रदूषण बढ रहा है उससे इस बात की भी आशंका है कि कहीं मुंबई का बच्चा कहे जाने वाला इंदौर दिल्ली जैसा प्रदूषण का शिकार न हो जाए। लंबे अरसे से खटारा वाहनों को सड़कों से हटाने की घोषणाएं हो रही हैं लेकिन ये भी सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह जाती है। ई-रिक्शा के लिए तो प्लानिंग की जा रही है लेकिन इन खटारा वाहनों से निजात के कोई उपाय नहीं हो रहे हैं। इस तरह वाहन ट्रैफिक जाम के साथ ही प्रदूषण भी परोस रहे हैं। शहर में करीब 5 लाख खटारा वाहन अभी भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं।



**खटारा वाहनों को सड़कों से हटाने में चुप्पी क्यों..?**

स्मार्ट सिटी को ट्रैफिक में नंबर वन बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान चल रहा है। इसके बाद भी शहर में प्रदूषण और दिक्कतें परोसने वाले खटारा वाहनों को सड़कों से हटाया नहीं जा रहा है। शहर में आबादी से ज्यादा वाहन ट्रैफिक का सत्यानाश कर रहे हैं, खटारा वाहन दमा और दूसरे रोग परोस रहे हैं इसके बाद भी इन वाहनों को लेकर चुप्पी चिंता जनक है। आरटीओ से मिली जानकारी के मुताबिक शहर में फिलहाल वाहनों की संख्या 32 लाख से ज्यादा हो चुकी है। इनमें से 4 से 5 लाख वाहन 10 से 15 साल पुराने हो चुके हैं। शहर में हर साल डेढ़ से दो लाख वाहन बढ जाते हैं लेकिन ये पुराने वाहन हटाए नहीं जाते और सड़कों पर ही दौड़ते रहते हैं। पुराने वाहनों से फैल रहे प्रदूषण को लेकर कई बार आवाज उठाई गई लेकिन नियमों के अभाव में इन पर रोक नहीं लग पा रही है। शहर की सड़कों से इन खटारा वाहनों को सख्ती से हटा दिया जाए तो प्रदूषण की मात्रा में 8 से 10 प्रतिशत तक कमी अपने आप आ जाएगी। एक्सपर्टस बताते हैं जिन वाहनों का सही तरीके से मेंटेनेंस नहीं होता है वे ज्यादा धुंआ छोड़ते हैं। करीब 32 लाख की आबादी वाले शहर में वाहनों की संख्या भी आबादी की संख्या के बराबर ही है। बीते 10 सालों में दोगुनी रफ्तार से बढ़ी आबादी और वाहनों के कारण शहर की अधिकांश सड़कें चौबीस घंटे ट्रैफिक जाम की पीड़ा भोग रही हैं। हर शाम ट्रैफिक जाम तो अब शहर की पहचान बनता जा रहा है। आरटीओ सूत्र बताते हैं स्मार्ट सिटी में अन्य शहरों की तुलना में दोगुनी रफ्तार से वाहनों की संख्या बढ़ रही है। कारों की संख्या में तो जबरदस्त इजाफा हो रहा है। बढ़ती कारों की संख्या भी ट्रैफिक का कबाड़ा कर देती है। ई-रिक्शा के लिए तो नियम बनाए जा रहे हैं लेकिन खटारा वाहनों को शहर की सड़कों से हटाने के लिए फिलहाल किसी प्लान पर अमल नहीं हो पाया है।

### घोषणा तो हुई अमल नहीं हुआ

कुछ माह पहले मप्र परिवहन विभाग ने घोषणा की थी कि 15 साल पुराने आटो रिक्शा सवारी वाहनों के संचालन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे ऑटो रिक्शा सवारी जो कि 15 वर्ष पुराने हो गये है उन्हें सड़क से हटाने का निर्णय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया था। वह कुछ दिनों तक सुर्खियों में रहा इसके बाद भी खटारा आटो सवारी ढोते रहे। इसके बाद कई सवारी आटो को लोडिंग आटो में बदल दिया गया। ये लोडिंग आटो शहर में कितना धुंआ उड़ाते हैं और प्रदूषण फैलाते हैं ये तो सरेबाजार देखा जा सकता है। कई बार तो ये खटारा लोडिंग मुख्य मागों पर खराब होकर ट्रैफिक जाम भी पैदा कर देते हैं। इसके बाद भी ये सड़कों पर क्यों दौड़ रहे हैं इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है।

## मंडल की टीम गठन के निर्देश, नियुक्तियों के लिए फिर मांगे नामों के पैनल

# भाजपा हाईकमान ने जिला प्रभारियों को भेजा मुख्यालय

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● भाजपा हाईकमान ने मध्यप्रदेश संगठन के सभी 62 जिलों में प्रभारियों को प्रबंध समितियों की बैठकें कर जिलों के पैंडिंग मामलों शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। सभी प्रभारी अपने गृह नगर के साथ प्रभार के जिलों में कोर कमेटियों के साथ पहले मंडल स्तर की टीम बनाने में जुट गए हैं। जनभागीदारी, कॉलेज समितियों और ऐल्डरमैन की नियुक्ति के लिए संभावित नामों के पैनल एक बार फिर प्रदेश कार्यालय भेजने की कवायद शुरू की गई है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि आगामी 2-3 दिन में सभी प्रभारियों को जिला मुख्यालयों पर पहुंचकर पैंडिंग मामलों को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा है। बुंदेलखंड मुख्यालय सागर संभाग के सभी जिलों में शुक्रवार को बैठकों का सिलसिला चलता रहा। छतरपुर जिले की बैठक प्रभारी मंत्री एदल सिंह कंषाना के भोपाल स्थित निवास पर संपन्न हुई। इसमें संगठन के मुद्दों पर कोर कमेटी ने विचार विमर्श किया।



### पहले मंडल की टीमें फिर ट्रेनिंग

प्रदेश के ज्यादातर जिलों में अभी मंडल स्तर की कार्यकारिणी का गठन होना बाकी है। इसलिए पार्टी नेतृत्व ताबड़तोड़ बैठकें बुलाकर पैंडिंग मामले निपटाने को कहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सभी प्रभारियों को मंडल स्तर की टीमें गठन के बाद महा प्रशिक्षण अभियान के लिए अभ्यास वर्ग शुरू कराने का टारगेट सौंपा है। उन्होंने कहा है कि सभी प्रभारी अपने जिलों में नियमित तौर पर संवाद, संपर्क और समन्वय बनाए रखें।

# भंगार की आड़ में स्क्रैप की गाड़ियां कट रही है धड़ल्ले से

## कौन सप्लाई कर रहा गाड़ियां किसकी अनुमति से कट रही गाड़ियां

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

गौतमपुरा क्षेत्र में भंगार की आड़ में धड़ल्ले से फोर व्हीलर गाड़ियों को काटने का काम चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गौतमपुरा नगर में मंडपम रिसोर्ट के सामने इसराइल पठान की भंगार दुकान है यहां कही महीनो से फोर व्हीलर गाड़ीयो को काटने का काम चल रहा लेकिन जानकारी में अभी पता चला फोर व्हीलर गाड़ियों को काटने की अनुमति प्रशासन से लेना आवश्यक है, लेकिन बिना परमिशन लिए पिछले कई महीनो से इस भंगार की दुकान पर फोर व्हीलर गाड़ियां काटी जा रही है साथ ही देखने में आया है कि भंगार दुकान की आड़ में स्क्रैप के नाम पर दो नंबर के काम हो रहे क्षेत्र में ऐसी कही दुकाने हैं जहां इस प्रकार के काम होते आए हैं।

आम जनता के दिमाग में एक सवाल गूंज रहा है आखिर यह भंगार की गाड़ियां कहा से आ रही है, क्या यह चोरी की गाड़िया तो नहीं, इतनी बड़ी तादाद में स्क्रैप की गाड़ियां गौतमपुरा के व्यापारियों को कौन सप्लाई कर रहा है? इसकी भी प्रशासन और पुलिस को गंभीरता से जांच करना चाहिए। प्रशासन और पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले तो कहीं बड़े खुलासे हो सकते हैं इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह तो शामिल नहीं है।



■ *छोटी सी गुमटी से पठान ने अपना कारोबार चालू किया महज एक से डेढ़ वर्ष के अंदर बड़ा साम्राज्य खड़ा किया गया आज देखा जाए भंगार मालिक ने भंगार रखने के लिए बड़ा गोडाउन बना रखा है लगभग भंगार की कटी हुई गाड़िया प्रतिदिन पठान सप्लाई के लिए भरते हैं इतनी बड़ी संख्या में गाड़ियों का स्क्रैप बाहर भेजा जा रहा है लेकिन शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे अब देखना होगा पुलिस और प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेगी।*

# डेली कॉलेज प्रबंधन और मॉल संचालक पिंटू छाबड़ा को जिला प्रशासन ने थमाया नोटिस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के डेली कॉलेज प्रबंधन को जिला प्रशासन ने दो नोटिस थमाए हैं। इसके साथ ही सबसे बड़े माल संचालक गुरजीत सिंह उर्फ पिंटू छाबड़ा और उनकी पत्नी प्रभजोत कौर को भी नोटिस जारी हुए हैं। यह दोनों ही नोटिस डायवर्सन टैक्स की वसूली को लेकर जूनी इंदौर तहसील के अधिकारियों द्वारा जारी किए गए हैं। वित्तीय साल की समाप्ति (31 मार्च) के पहले वसूली को लेकर सख्ती की जा रही है।

**डेली कॉलेज को 1.5 करोड़ का नोटिस**-डेली कॉलेज को दो नोटिस जारी हुए हैं। एक नोटिस डेली कॉलेज प्रिंसीपल के नाम पर 1.50 करोड़ का जारी हुआ है। इस नोटिस में है कि बीते पांच साल से मूसाखेड़ी स्थित कॉलेज का 3 लाख 34 हजार 870 वर्गमीटर एरिया का टैक्स नहीं भरा गया है। इसमें 1 करोड़ टैक्स के साथ ही 50 फीसदी जुर्माना भी लगा है। इस तरह कुल टैक्स राशि 1.50 करोड़ का नोटिस थमाया गया है।

इसके साथ ही एक अन्य नोटिस कॉलेज के ही चितावद ग्राम स्थित 29 हजार 670वर्गमीटर एरिया के डायवर्सन टैक्स बकाया को लेकर दिया गया है। इसमें टैक्स राशि 13 लाख 35 हजार रुपए है। इसमें भी 50 फीसदी जुर्माना लगा है और पांच साल का टैक्स वसूली नोटिस दिया गया है।



**पिंटू छाबड़ा को इसलिए दिया नोटिस**-इसी तरह सी-21 की बायपास के पास स्थित निपानिया की जमीन (जहां बड़े आयोजन म्यूजिक कांसर्ट होते हैं) को लेकर पिंटू छाबड़ा को नोटिस दिए गए हैं। एक नोटिस गुरजीत सिंह उर्फ पिंटू छाबड़ा को यहां की 3.667 हेक्टेयर जमीन को लेकर है जिस पर 57 लाख 36 हजार रुपए का डायवर्सन टैक्स निकाला गया है। वहीं दूसरी जमीन पिंटू और उनकी पत्नी प्रभजोत कौर के नाम पर 1.939 हेक्टेयर है। इसके लिए 49 लाख 25 हजार रुपए का वसूली नोटिस दिया गया है। कुल मिलाकर छाबड़ा दंपत्ती पर करीब 1 करोड़ का डायवर्सन टैक्स वसूली निकाली गई है।

**तत्काल राशि जमा करने का नोटिस**-डेली कॉलेज प्रबंधन और पिंटू छाबड़ा दोनों ही प्रशासन की ओर से यह नोटिस जारी हो चुके हैं और इन्हें तय अवधि में यह राशि भरने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर तहसीलदार द्वारा वसूली के लिए कुर्की जैसे सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।

### वसूली में अभी पीछे हैं इंदौर

दरअसल इस बार इंदौर डायवर्सन टैक्स वसूली में काफी पीछे हैं और वित्तीय साल खत्म होने को है। इसके बाद भी आधा लक्ष्य भी पूरा नहीं हुआ है। इसकी बड़ी वजह एसआईआर कार्यक्रम में सभी अधिकारियों का व्यस्त होना रहा है। इसके बाद अब इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी को यह लक्ष्य हासिल करने के लिए हिदायत दे दी है। इसके लिए मार्च माह के केवल 17 दिन का ही समय बचा हुआ है। सभी एसडीएम, तहसीलदार को इसमें जुटने के लिए कहा गया है।

न्यूज ब्रीफ



## जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्कूल बैग का वितरण

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • संस्था सफलता एक प्रयास एनजीओ ने जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया इंदौर संस्था सफलता एक प्रयास एनजीओ ने ग्राम जमुरी हप्सी गांधीनगर में जाकर जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया महाकाल सेना के संस्थापक अर्जुन नायक ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था सफलता एक प्रयास एनजीओ ने जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया गया

## दिव्यती दिवस पर निकली शोभायात्रा



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक से महावीर जयंती पर निरंतर 20 दिनों तक पदयात्रा के दौरान शुक्रवार सुबह अंतर्मुखी मुनिश्री पूज्यसागर जी महाराज ने विहार करते हुए तुलसीनगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश किया। फेडरेशन के के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि परम पूज्य मुनिश्री का समाजबंधुओं ने पाद प्रक्षालन कर अगवानी की। जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। यहां भगवान के दर्शन कर अंतर्मुखी मुनिश्री पूज्यसागर जी के साथ समाज बंधुओं ने बैंडबाजों के साथ महालक्ष्मीनगर की ओर से प्रस्थान किया। इस दौरान पूरे यात्रा मार्ग में मुनिश्री का जगह-जगह पर पाद प्रक्षालन किया गया। समाजबंधु गुरुवर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। महालक्ष्मीनगर पहुंचकर मुनिश्री के सानिध्य में भगवान आदिनाथ जी को पालकी में विराजित कर क्षेत्र में पालकी यात्रा निकाली गई। क्षेत्र में भ्रमण करते हुए भगवान पालकी और मुनिश्री पूज्यसागर जी महाराज की आरती और पाद प्रक्षालन के लिए समाज बंधुओं में होड़ लगी रही।

## ट्रस्ट एमएफ मिड कैप फंड लॉन्च किया

**इंदौर** • ट्रस्ट म्यूचुअल फंड ने अपने नए ट्रस्ट एमएफ मिड कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। इस फंड का मुख्य उद्देश्य इक्विटी और इक्विटी से जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के ज़रिए निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि हासिल करना है।

## कांग्रेस इंदौर में पंचायत स्तर पर बनाएगी कमेटी

# पुराने तरीके अब नहीं चलेंगे

### कार्यकर्ता सम्मेलन में पटवारी का संदेश, पंचायत स्तर से संगठन खड़ा करेगी कांग्रेस

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • कांग्रेस अब संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर तक नई संरचना बनाने जा रही है। इसके तहत प्रत्येक पंचायत में 25-25 लोगों की कमेटी बनाई जाएगी। साथ ही मोहल्ला स्तर पर भी अलग-अलग समितियों का गठन किया जाएगा। यह निर्देश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलनों में दिए। वे तीन दिन के दौरे पर ग्रामीण क्षेत्रों में संगठनात्मक बैठकें ले रहे हैं।

गुरुवार से शुरू हुए ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलनों का पहला फोकस ग्रामीण क्षेत्रों पर रखा गया है। सिमरोल ब्लॉक से सम्मेलन और बैठकों की शुरुआत हुई। इस दौरान पटवारी ने कार्यकर्ताओं से साफ कहा कि अब कांग्रेस में पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा। पार्टी मजबूत होगी तो कार्यकर्ता भी मजबूत होंगे। बैठक में संगठन महासचिव दौलत पटेल और जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े भी मौजूद रहे। पटवारी ने संगठन की मंशा और 'सृजन अभियान' के तहत तय गाइडलाइन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर 25-25 सदस्यों की कमेटी बनाई जाए और इनके माध्यम से कांग्रेस को मजबूत किया जाए। इसके अलावा प्रत्येक पंचायत में मोहल्ला कमेटियों का गठन कर सक्रिय कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के निर्देश भी दिए गए। इसके बाद महू ग्रामीण, महू शहर, मानपुर और राऊ ब्लॉक में भी कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए गए। पटवारी ने ब्लॉक स्तर की कार्यकारिणी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल करने पर विशेष जोर दिया।

### आज सांवेर क्षेत्र में बैठकें

13 मार्च को सांवेर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉकों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। पालिया ब्लॉक की बैठक जयश्री मैरिज गार्डन एवं रिसोर्ट में, जबकि सांवेर ब्लॉक की बैठक बंधन गार्डन सांवेर में होगी।

शिप्रा ब्लॉक की बैठक दोपहर में एबी रोड स्थित वेयरहाउस (पुराना टोल टैक्स) शिप्रा में रखी गई है। खुड़ैल ब्लॉक की बैठक पिवड़ाय के खाती समाज धर्मशाला में और राधा मंडल की बैठक दूधिया के चौधरी गार्डन में आयोजित होगी।

**देपालपुर में होगा दौरे का समापन**-प्रदेश अध्यक्ष का दौरा 14 मार्च को देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में समाप्त होगा। इस दिन बेटमा ब्लॉक की बैठक बियानी होटल में, देपालपुर ब्लॉक की बैठक सालासर कॉलेज के सामने इंदौर रोड पर, गौतमपुरा ब्लॉक की बैठक सांवरिया गार्डन (चंबल रोड) में और हातोद ब्लॉक की बैठक मारुतिधाम पिपलिया तफा रोड जम्बूर्डी हप्सी में आयोजित की जाएगी।

# सनातनी क्रिकेट लीग पर रोक की मांग

### कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव ने पुलिस कमिश्नर को लिखा पत्र, पहले दिन चार मुकाबले खेले गए

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • शहर में आयोजित की जा रही 'सनातन प्रीमियर लीग' को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव ने इस आयोजन पर रोक लगाने की मांग करते हुए पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है। उनका कहना है कि क्रिकेट जैसे खेल को धर्म से जोड़ना राष्ट्रीय खेल नीति और संविधान की भावना के खिलाफ है। राकेश सिंह यादव ने अपने पत्र में कहा कि खेल समाज को जोड़ने का माध्यम होता है, न कि उसे धर्म के आधार पर बांटने का। उन्होंने आशंका जताई कि 'सनातनी क्रिकेट लीग' जैसे आयोजनों से समाज में धार्मिक आधार पर विभाजन की भावना पैदा हो सकती है, जो सामाजिक सौहार्द के लिए ठीक नहीं है।

यादव ने अपने पत्र में पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि इस आयोजन की प्रकृति और उद्देश्य की जांच की जाए और यदि यह कार्यक्रम किसी भी प्रकार से धार्मिक आधार पर लोगों को बांटने का प्रयास करता है तो इसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए। बता दें कि इंदौर में गुरुवार से 'सनातन प्रीमियर लीग' का चार दिवसीय आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कई स्थानीय टीमें हिस्सा ले रही हैं।

आयोजन को लेकर शहर में चर्चा का माहौल है। वहीं कांग्रेस की ओर से उठाई गई आपत्ति के बाद यह मामला अब प्रशासन के संज्ञान में आ गया है। फिलहाल पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि पत्र मिलने के बाद प्रशासन आयोजन से जुड़े पहलुओं की जानकारी जुटा रहा है। इधर, राजनीतिक हलकों में भी इस मुद्दे को लेकर बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस जहां इसे संविधान और राष्ट्रीय खेल नीति के विपरीत बता रही है, वहीं आयोजन से जुड़े लोग इसे सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर देख रहे हैं। आने वाले दिनों में प्रशासन के रुख पर सभी की नजर बनी हुई है। इधर, खेल, संस्कृति और सनातन मूल्यों के साथ सनातन प्रीमियर लीग (एसपीएल) के पहले दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए।

# अब प्रदेश के सरकारी विभागों में होगी डिजिटल विभागीय जांच

### जीएडी ने दी मंजूरी, वाट्सएप और ई-मेल से जाएंगे नोटिस

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • प्रदेश में बदलते डिजिटल दौर के साथ अब सरकारी विभागों में कदाचार या भ्रष्टाचार के मामलों में विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से की जा सकेगी। मप्र सामान्य प्रशासन विभाग ने नियमों में संशोधन कर इस प्रक्रिया को वैधानिक मंजूरी दे दी है। विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार विभागीय जांच से जुड़े नियम 30 में संशोधन किया गया है। अब ई-मेल, वॉट्सऐप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से भेजे गए नोटिस या निर्देश आधिकारिक रूप में मान्य होंगे।

### नोटिस देने के कई तरीके

संशोधित नियमों के अनुसार किसी आरोपी कर्मचारी या अधिकारी को नोटिस या आदेश की जानकारी देने के लिए व्यक्तिगत रूप से नोटिस देना, पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजना या फिर शासकीय कर्मचारी की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर ई-मेल भेजने के तरीकों को वैध माना जाएगा। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से विभागीय जांच की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी तथा कर्मचारियों से जुड़े मामलों का निपटारा पहले की तुलना में अधिक तेजी से किया जा सकेगा।

### पोर्टल और ई-मेल से भेजे जाएंगे निर्देश

किसी विभाग या वर्ग के कर्मचारियों से जुड़ी विभागीय जांच या अनुशासनात्मक कार्रवाई से संबंधित निर्देश विभागीय पोर्टल के माध्यम से ई-मेल या अन्य डिजिटल तरीकों से भेजे जा सकेंगे। इसका अर्थ यह है कि अब आरोप पत्र जारी करने, जवाब मांगने या अन्य विभागीय कार्रवाई भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से की जा सकेगी और इसे शासन की वैध प्रक्रिया माना जाएगा।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी होगी सुनवाई

नियमों में यह भी प्रावधान किया गया है कि विभागीय जांच के दौरान संबंधित अधिकारी या कर्मचारी को जांच अधिकारी के सामने भौतिक रूप से उपस्थित होने के बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी अपनी बात रखने की अनुमति दी जा सकेगी।

# आईडीए : धड़ाधड़ भर्तियों पर पोरवाल पर उठ रही उंगलियां

दैनिक इंदौर संकेत





**इंदौर** • इंदौर विकास प्राधिकरण में एक आउट सोर्स कर्मचारी खुद अधिकारियों का सर दर्द बना हुआ हैं। या उस पर कोई ऐसा हाथ जो एक अधिकारी के उसे रवाना करने बावजूद भी उसे दूसरे अधिकारी ने इंदौर विकास प्राधिकरण में आमद दिलवा दी। जिसे लेकर अब इंदौर विकास प्राधिकरण के गलियारों में जमकर चर्चा है कि उक्त आउट सोर्स कर्मचारी ये दोनों अधिकारियों के बीच घमासान की वजह साबित हो सकता हैं। वहीं साथ ही अब एक बड़ी बात ये भी सामने आ रही है कि आखिरकार उक्त आउट सोर्स कर्मचारी से इन आधिकारियों का ऐसा क्या मीठा है, जो उसे इंदौर विकास प्राधिकरण के बाहर जाने ही नहीं हैं। खैर समझने वाले सभी समझदार है लेकिन बात यहीं की आखिरकार आईडीए से बाहर किया गया उक्त कर्मचारी कैसे दोबारा नहीं बल्कि कईयों बात इंदौर विकास प्राधिकरण की दहलीज तक पहुंच जाता हैं। उसके आगे इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारी बौने नजर आते हैं। दरअसल इंदौर विकास प्राधिकरण की संपदा शाखा में आउट सोर्स कर्मचारी पंकज गुनारे के चर्चित किस्सों और खुद संपदा शाखा प्रभारी मनीष श्रीवास्तव की आंख की किरकिरी बने उक्त कर्मचारी को खुद संपदा शाखा प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने बाहर का रास्ता दिखा दिया था। हालांकि इस दौरान भी उक्त आउट सोर्स कर्मचारी ने खुद पैर मारते हुए योजना शाखा में अपने पैर जमाने की कोशिश भी की थी। लेकिन योजना शाखा में वर्षों से अंगद जैसे जमे हुए बाहुबली कर्मचारियों ने पंकज गुनारे की दाल गलने नहीं दी थी। और पूरी तरह से गुनारे का हिसाब किताब करते हुए उसकी बिदाई हो गई थी। लेकिन अब यह कर्मचारी एक बार फिर यहां अपनी जगह बनाने में कामयाब हो गया हैं।

# नई कॉलोनियां जुड़ेंगी गाइडलाइन में

### आज जिला मूल्यांकन समिति की होगी बैठक

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • आगामी वित्त वर्ष की गाइडलाइन तैयार करने में पंजीयन विभाग जुटा है और शनिवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। अभी हालांकि रियल इस्टेट के कारोबार में मंदी की स्थिति है, जिसके चलते मार्च के इन दिनों में भी पंजीयन कार्यालय में भीड़ कम है और औसतन 800 रजिस्ट्रियां हो रही हैं। हालांकि शाम 6 बजे तक स्लॉट की बुकिंग की जा रही है और अवकाश के दिनों में भी दफ्तर इस पूरे माह खुले रहेंगे। अभी तक 2300 करोड़ से अधिक का राजस्व विभाग अर्जित कर चुका है। 80 नई कॉलोनियों को आगामी वर्ष में जोड़ने के प्रस्ताव भी मिले हैं, 200 लोकेशनों पर पहले गाइडलाइन बढ़ाने का निर्णय लिया था, उसे भी अब टाल दिया है। अभी 31 मार्च तक वर्तमान गाइडलाइन पर रजिस्ट्री होगी और फिर 1 अप्रैल से 10 से लेकर 100 फीसदी तक स्टाम्प ड्यूटी में इजाफा हो जाएगा।

### ...और प्रस्ताव मिले

वरिष्ठ जिला पंजीयक अमरेश नायडू के मुताबिक पिछले दिनों शासन ने 91 कॉलोनियों को वर्तमान गाइडलाइन में ही शामिल करने की अनुमति दे दी थी, वहीं अभी 80 और कॉलोनियों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नायडू के मुताबिक, आपत्तियों और सुझाव लेने की अवधि के दौरान भी नई लोकेशन और कॉलोनियों के आवेदन प्राप्त होते हैं, लिहाजा यह संख्या बढ़ जाएगी। अभी लगभग 3 हजार लोकेशनों पर गाइडलाइन वृद्धि का विचार किया जा रहा था। मगर समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि 200 से अधिक लोकेशन ऐसी है जहां पर गाइडलाइन वृद्धि का वर्तमान वित्त वर्ष में भी अधिक फायदा नहीं मिला, जिसके चलते इन लोकेशनों पर आगामी वित्त वर्ष में भी वृद्धि नहीं करने का विचार किया जा रहा है, क्योंकि इससे राजस्व पर भी अधिक प्रभाव नहीं पड़ता। दूसरी तरफ उन लोकेशनों की गाइडलाइन अवश्य बढ़ेगी, जहां पर वित्त वर्ष में अधिक खरीदी-बिक्री हुई है।

# शक्ति सम्मान में हुआ कलम-योद्धाओ का सम्मान



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • इंदौर प्रेस क्लब में महिला दिवस के अवसर पर शक्ति गौरव समारोह का भव्य आयोजन किया गया द्य जिसमे शहर की 71 महिला पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, विधायक उषा ठाकुर, पोस्ट मास्टर जनरल प्रीति अग्रवाल,और एस पी श्रीमती यांग चेन डोलकर अतिथि के रूप में मौजूद थे। शहर के कई विशिष्टजन भी कार्यक्रम में मौजूद थे। इंदौर प्रेस क्लब शुक्रवार को एक बार फिर महिला शक्ति के सम्मान का साक्षी बन गया द्य कार्यक्रम सयोजक व प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रियंका पांडे ने बताया की कलम की ताकत से समाज में बदलाव लाने वाली महिलाओं को सलाम करने के लिए इंदौर प्रेस क्लब द्वारा एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होने वाला यह कार्यक्रम केवल एक सम्मान समारोह नहीं बल्कि उन महिलाओं के संघर्ष, साहस और उपलब्धियों का उत्सव है जिन्होंने पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अमिट पहचान बनाई है। जब महिलाएं कलम उठाती हैं तो शब्द सिर्फ खबर नहीं बनते, वे समाज की दिशा बदलने का साहस बन जाते हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक महिलाओं को आज सम्मानित किया गया द्य जिन्होंने अपनी लेखनी, अपनी बेबाकी और अपने साहस से पत्रकारिता की दुनिया में नई मिसाल कायम की है।

## मिलन मंजरी परिचय पुस्तिका का विमोचन



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • अग्रसेन सोशल ग्रुप, इंदौर द्वारा ओंकारेश्वर मे एक दिवसीय निशुल्क अ. भा. अग्रवाल वैश्य युवा परिचय सम्मेलन 15 मार्च को रविवार 2026 को विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर में किया जा रहा। ग्रुप के समनव्यक राजेश गर्ग, प्रमुख संचालक शिव जिंदल एवं जगदीश अग्रवाल ने बताया की पहली बार अग्रसेन सोशल ग्रुप इंदौर एवं अग्रसेन सोश्यल ग्रुप बड़वाह के सयुक्त तत्वाधान में प्रथम बार निशुल्क अ. भा अग्रवाल वैश्य समाज युवक - युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 15 मार्च रविवार को ओंकारेश्वर में जायसवाल अतिथि भवन में किया जा रहा है।

# ऐतिहासिक रैली निकालकर सैकड़ों शिक्षकों ने किया टीईटी परीक्षा का विरोध

दैनिक इंदौर संकेत




**इंदौर** • म प्र शासकीय शिक्षक संगठन के संरक्षक हरीश बोयत, प्रांतीय महामंत्री अशोक मालवीया व जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि लोक शिक्षण के 2 मार्च 2026 के आदेश में शिक्षकों से TET परीक्षा लिए जाने का आदेश दिया है। जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। सेवा में 27 साल हो जाने के बाद अब अधिकारी परीक्षा की याद आई है।

सर्वोच्च न्यायालय की आड़ लेकर संचालक लोक शिक्षण ने विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन न करते हुए आदेश जारी कर दिया। इसके अंतर्गत 27 वर्ष की सेवा करने के बाद भी यदि आगे नौकरी करना है तो ज्ञश्वज्ञ (शिक्षक पात्रता परीक्षा) पास होना जरूरी है। इस आदेश के जारी होने से म प्र के लाखों शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है।

शिक्षकों का कहना है जो शिक्षक SIR सर्वे , चुनाव कार्य, शिक्षक कार्य , जनगणना कार्य सभी कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करते है तब शिक्षकों की परीक्षा याद नहीं आती है। ये परीक्षा हमारे आत्मसम्मान की लड़ाई है। साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति के समय ज्ञश्वज्ञ परीक्षा का कोई उल्लेख ही नहीं था। शिक्षकों ने शासन को इस आदेश को निरस्त करने की मांग की है। साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय में मध्यप्रदेश सरकार की ओर से TET परीक्षा के विरोध में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए। आज सैकड़ों शिक्षकों ने मालव कन्या स्कूल से मौन रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन SDM प्रिया वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

# आरडीएसएस अंतर्गत इंदौर जिले में चार और ग्रिड बनेंगे

### प्रबंध निदेशक श्री सिंह ने एजेंसियों व अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए

दैनिक इंदौर संकेत



**इंदौर** • मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने शुक्रवार को आरडीएसएस, एसएसटीडी, केएफडब्लू मद इत्यादि से जुड़े कार्यों को लेकर वृहद स्तर की मिटिंग ली। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस अंतर्गत पूर्व से मंजूर 96 में से शेष 9 ग्रिड के साथ इंदौर जिले चार नए ग्रिड इंदौर पश्चिम संभाग के औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर ए, उत्तर संभाग के सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर ई, दक्षिण संभाग के पालदा औद्योगिक क्षेत्र एवं अरविंदो अस्पताल के पास भौंरासला इंदौर ग्रामीण संभाग के ग्रिडों को समय सीमा में पूर्ण करा लिया जाए। श्री सिंह ने कहा कि कंडक्टर की क्षमता वृद्धि, पूर्व बने ग्रिडों की क्षमता वृद्धि, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, केबल इत्यादि के कार्य समय पर कराए जाए, ताकि लॉस घटे, उपभोक्ता सुविधाएं बढ़े। उन्होंने कहा कि पहले से मंजूर कार्य में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को खेतों के समीप किए जाना हैं वहां भी गेंहू, चने की फसल के तुरंत बाद कार्य करा लिया जाए, ताकि आगामी बारिश में कार्य अवरोध की स्थिति नहीं बने। श्री सिंह ने कहा कि इंदौर, देवास, उज्जैन, पीथमपुर के शहरी और औद्योगिक क्षेत्र के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता कार्य एसएल करवाड़िया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा, अधीक्षण अभियंता आरबी दोहरे समेत कार्य एजेंसियों के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शनिवार 14 मार्च 2026

# लोहा व्यापारी-कबाड़ियों की 'पेपर ट्रेडिंग', जीएसटी इंटेलिजेंस ने पकड़ा करोड़ों का फर्जी बिल घोटाला

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● जीएसटी इंटेलिजेंस की छापेमारी में करोड़ों के फर्जी ई-वे बिल और कच्ची पर्चियों का जखीरा बरामद। असली माल नकद में ठिकाने लगाया और कबाड़ियों को बेच दिए करोड़ों के बिल। इंदौर में एक अकाउंटेंट और कबाड़ियों के सिंडिकेट ने सरकार को लगाया करोड़ों का चूना मप्र की आर्थिक राजधानी में जीएसटी इंटेलिजेंस ने कर चोरी के एक बड़े रैकेट को बेनकाब किया है, जिसमें लोहा व्यापारी माल की जगह 'कागज' (बिल) बेच रहे थे। करीब 100 करोड़ रुपये के इस फर्जीवाड़े ने लोहा मंडी से लेकर पीथमपुर के औद्योगिक गलियारों तक हड़कंप मचा है।

जानकारी अनुसार जीएसटी इंटेलिजेंस कीजांच में सामने आया कि यह महज टैक्स चोरी नहीं, बल्कि एक सुनियोजित सिस्टम मैनिपुलेशन है। जिसमें माल का 'अंडरग्राउंड' ट्रांजेक्शन किया जाता है, जिसमें लोहा व्यापारी अपना असली स्टॉक (जीआई शीट्स) बिना किसी कागजी रिकॉर्ड के नकद में बाजार में बेचते हैं और स्टॉक को कागजों पर खत्म करने के लिए व्यापारी कोड को बदलकर आयरन स्क्रैप कर देते हैं। व्यापारी इन फर्जी बिलों को कबाड़ियों को 5 से 6 प्रतिशत कमीशन पर बेच देते थे, जिससे कबाड़ी अपने बिना बिल वाले कचरे को 'पक्का' दिखा सकें। डीजीजीआई की टीम ने इंदौर लोहा व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित कई बड़े व्यापारियों और फर्मों पर शिकंजा कसा है। बता दें कि इस पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड एक अकाउंटेंट बताया जा रहा है, जो व्यापारियों और कबाड़ी दोनों के यहां लेखा–जोखा देखता है।



### जांच में डायरी बनी अहम सुराग

- जीएसटी इंटेलिजेंस की कार्रवाई के दौरान एक डायरी हाथ लगी थी, इसमें कई नाम उगले
- स्क्रैप फर्मों पर छापे के दौरान मिली 'कच्ची पर्चियों' में 100 से अधिक व्यापारियों के नाम दर्ज हैं
- व्यापारी अब बिचौलियों के जरिए रिकॉर्ड 'ठिकाने' लगाने की कोशिश में हैं
- परिवहन दिखाने फर्जी ई-वे बिल जेनरेट किए गए।
- कानून 5 करोड़ से अधिक टैक्स चोरी पर गिरफ्तारी का नियम

## न्यूज ब्रीफ

### संत शिरोमणि सेन महाराज की शोभा यात्रा की भव्य तैयारियां शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● केंद्रीय समिति सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर शोभायात्रा 14 अप्रैल को निकलेगी। यात्रा की तैयारियां जोरों शोरो से शुरू, 17 मार्च को बड़ी बैठक आयोजित होगी। केंद्रीय समिति सेन समाज इंदौर के अध्यक्ष निलेश सेन (शेलू) संदीप श्रीवास ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेन जयंती पर सेन एकता शोभायात्रा 14 अप्रैल को निकलेगी। दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर सेन स्मारक चौराहा चाणक्यपुरी पर संपन्न होगी जिसमें सेन समाज के सभी 19 गौठ ओर संगठन बारबर एसोशिएशन के पदाधिकारी और सेन समाज के लोग जुटेंगे। सेन समाज की मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी ऐतिहासिक शोभायात्रा होगी। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव के सम्मिलित होने की संभावना भी जताई जा रही है।

### श्री राम मंदिर में संत निवास का भूमि पूजन सिंहस्थ की तैयारियां शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● श्री राम मंदिर पंचकुइया आश्रम में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को देखते हुए संत निवास का भूमिपूजन वेद मंत्रों के बीच हुआ। शुक्रवार को आश्रम में आचार्य पंडितों की उपस्थिति में वेद मंत्रों के बीच पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज के पावन सानिध्य में मुख्य यजमान नारायण अग्रवाल ने संत निवास का भूमिपूजन किया। आश्रम परिसर में बनने वाला यह संत निवास दो मंजिला होगा, जिसमें 500 से अधिक साधु-संतों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। सिंहस्थ महाकुंभ को देखते हुए यह व्यवस्था विशेष रूप से तैयार की जा रही है, ताकि देशभर से आने वाले साधु-संतों को सुविधाजनक आवास मिल सके। सिंहस्थ से पहले साधु संतों का आगमन श्री राम मंदिर पंचकुइया में होता है हजारों साधु संतों की बैठक आयोजित होती है, संत डेरा लगाते है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त आयी किसानों के खातों में

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● शुक्रवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का अंतरण किया गया। इस अवसर पर इंदौर जिले में पी.एम. किसान उत्सव दिवस मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया। उप संचालक कृषि श्री सी.एल. केवड़ा ने बताया कि इंदौर जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कुल 74 हजार 140 हितग्राहियों को 14.828 करोड़ रूपये की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई है। इस अवसर पर हितग्राहियों को सम्मानित भी किया गया।

## टीईटी आदेश के विरोध में मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस का शंखनाद मुख्यमंत्री से मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● म.प्र.शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष श्री नवनीत चतुर्वेदी जी, आलोक परमार कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इंदौर , प्रमुख महामंत्री शी किशन जी रजक एवं प्रांतीय महामंत्री श्री अनिल जी नामदेव द्वारा संयुक्त रूप से बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ने सरकार से शिक्षकों के हित में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने और 2 लाख शिक्षकों



एवं उनके परिवार का भविष्य देखते हुए सरकार को अन्य प्रांतो की सरकारों की तरह अतिशीघ्र पुनर्विचार याचिका दायर करना चाहिए।

जो शिक्षक 25-30 वर्षों से अध्यापन कार्य कर रहे हैं अब उनकी योग्यता पर संशय कैसा। मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी एवं शिक्षा मंत्री जी से शिक्षक हित में 1- टीईटी से संबंधित हालिया जारी आदेशों को तत्काल स्थगित करने। एवं 2- प्रदेश के लाखों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका (Review petition) दाखिल करें।

## सिंधी कॉलोनी में पूजन सामग्री बेचने को लेकर विवाद, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● शहर के सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में पूजन सामग्री बेचने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार एक मुस्लिम दुकानदार द्वारा पूजन सामग्री बेचे जाने पर कुछ संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जताई और दुकान बंद कराने की मांग की। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। बताया जा रहा है कि बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आरोप लगाया कि दुकानदार अपनी पहचान स्पष्ट किए बिना धार्मिक सामग्री बेच रहा था, जिससे लोगों में नाराजगी फैल गई। कार्यकर्ताओं में अभिषेक कुशवाह, चंदन तोमर और पीयूष राणा ने प्रशासन से मामले की जांच की मांग की।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दुकानदार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया ताकि पूरे मामले की जांच की जा सके। क्षेत्र में कुछ समय तक



तनाव का माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया।

## कब्जाधारियों से खतरे का दावा, जमीन विवाद में अभिनेता घाटगे ने मांगी पुलिस सुरक्षा

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● अभिनेता विजयेंद्र घाटगे ने जम्बूड़ी हप्सी इलाके की जमीन को लेकर चल रहे विवाद में पुलिस से सुरक्षा मांगी है। कब्जाधारियों से खतरे की आशंका जताते हुए घाटगे ने कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है और पुलिस कमिश्नर कार्यालय में उनके बयान भी दर्ज किए गए। वकीलों के साथ पहुंचे घाटगे ने पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को बताया कि जमीन पर जाने पर उन्हें कब्जाधारियों से खतरा महसूस होता है। उनका कहना है कि जमीन उनके मालिकाना हक की है और खेती के लिए दी गई थी, लेकिन संबंधित व्यक्ति और उसके परिवार ने कब्जा कर लिया। डीसीपी कृष्ण लालचंदानी के मुताबिक मामले की जांच एसीपी गांधीनगर को सौंपी गई है और सुरक्षा को लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। होलकर राजवंश से संबंध अभिनेता विजयेंद्र घाटगे की मां सीता राजे घाटगे, महाराजा तुकोजीराव होलकर तृतीय की बेटी थीं। इस वजह से उन्हें होलकर राजवंश का नाती माना जाता है। उनके पिता कर्नल फतेहसिंहराव घाटगे महाराष्ट्र के कगल के मराठा शाही परिवार से थे।

## भाजपा इंदौर के मंडल प्रशिक्षण कल से होंगे प्रारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महामंत्री सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा एवं कैलाश पिपले ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महा अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले मंडल प्रशिक्षण वर्ग कल 15 मार्च से प्रारंभ होंगे।

नेताओं ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के रानी लक्ष्मीबाई मंडल का प्रशिक्षण वर्ग सुबह 8 बजे मलयगिरी गार्डन, बिजासन मंदिर के पीछे, गुरु टेकचन्द मंडल का वर्ग सुबह 9 बजे भिष्ठी गार्डन, टोल नाके के पास, सम्राट अशोक मंडल का वर्ग सुबह 9 बजे चंद्रप्रभु मांगलिक भवन, अंजनी नगर में, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के प्रशिक्षण वर्ग 17 एवं 18 मार्च को शाम 4 बजे से होंगे। कुशाभाऊ ठाकरे मंडल और राजेंद्र धारकर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग मधुर मिलन वाटिका, पीपल्यारावं में, देवी अहिल्याबाई मंडल और अटल बिहारी वाजपेयी मंडल का पाम ट्री में, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के सभी मंडलों का प्रशिक्षण वर्ग 17 एवं 18 मार्च को अग्रसेन महासभा भवन, बेस्ट प्राइस के पास सम्पन्न होंगे। यहां 6 अलग अलग हॉल में मंडलों के वर्ग सम्पन्न होंगे। प्रत्येक हॉल का नाम वरिष्ठ नेताओं के नाम पर रखे गए हैं, जिसमें समीर चिटनीस, गोविंद मालू, रामनारायण शास्त्री, बनारसीलाल डाबी, गजानंद त्रिवेदी के नाम पर रखे गए हैं।

## इंदौर में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर जागरूकता कार्यशाला 23 मार्च को

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● इंदौर जिले में वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 23 मार्च 2026 को कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 210 में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि कार्यशाला में 'Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act (MWPSC)' तथा वरिष्ठ नागरिक गृहों के लिए निर्धारित न्यूनतम मानकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नगर निगम और पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सचिव, नगर पंचायतों के अधिकारी, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केन्द्र के कार्यकर्ता आदि शामिल होंगे।

## अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल का इंदौर में स्वागत

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● अमित सोनी अमेरिका से पधारे डॉ. परिमल कंगसरा, श्रीमती कंगसरा, डेटक पेंटली एवं उनके साथियों का इंदौर आगमन पर सुदामा नगर स्थित प्रयास भवन में स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भरत साबू की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी मैत्री मंच के अध्यक्ष कमल साबू एवं श्रीमती शोभा साबू सहित डिजिटल मीडिया के ईशान साबू ने अतिथियों को इंदौर के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हैदराबाद के चिकित्सक डॉ. हर्ष, मुंबई के डॉ. आलोक मोदी एवं अजमेर के संजय माहेश्वरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## इंदौर जिले में ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की जांच में तेजी

**दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर ● कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार 13 मार्च को बाबूलाल नगर, पालदा मेन रोड, इंदौर स्थित मेसर्स कृष्णा पेप्सी का खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर श्रीमती कृष्णा प्रजापत पत्नी श्री कैलाश प्रजापत खाद्य कारोबार का संचालन करते हुए पाई गई। निरीक्षण के दौरान परिसर में विभिन्न प्रकार की आइस लॉली का निर्माण किया जाना पाया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए आवश्यक वैध अनुज्ञप्ति अथवा पंजीयन उपलब्ध नहीं था। आइस लॉली निर्माण के लिए उपयोग किए जा रहे पानी का स्रोत सीधे बोरिंग का पानी पाया गया तथा संचालक द्वारा उक्त पानी के पीने योग्य होने का कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन नहीं किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि खाद्य पदार्थों में मिठास के लिए आर्टिफिशियल स्वीटनर सैकरीन का उपयोग किया जा रहा था, जबकि इसके उपयोग के संबंध में खाद्य पदार्थ के लेबल पर कोई सूचना प्रदर्शित नहीं की गई थी। आर्टिफिशियल स्वीटनर का अधिक उपयोग विशेषकर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। गौरतलब है कि परिसर में निर्मित आइस लॉली का उपयोग मुख्यतः छोटे आयु वर्ग के बच्चों द्वारा किया जाता है। मौके से आइस लॉली के 03 नमूने, आइस लॉली निर्माण में प्रयुक्त महाराज सॉफ्ट ड्रिंक का 01 नमूना तथा आर्टिफिशियल स्वीटनर का 01 नमूना, इस प्रकार कुल 05 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

**आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ**



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

## सम्पादकीय

### आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया, स्थिर आय के बीच बेकाबू होती रसोई की कीमतें

फरवरी में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.21% हो गई है। स्थिर आय के बीच खाने-पीने की चीजों के बढ़ते दाम और पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण तेल आपूर्ति बाधित होने से आम आदमी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जब किसी भी तरह के रोजगार से आय का स्तर ठहरा हुआ हो, जरिया सीमित हो, तो आम आदमी की उम्मीद यही होती है कि बाजार में जरूरी वस्तुओं की कीमतें उसकी पहुंच में हों या फिर कम से कम स्थिर रहें। मगर पिछले कुछ वर्षों से आमदनी की तुलना में रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों को जितना खर्च करना पड़ रहा है, वह कई बार भारी पड़ता है। माना जाता है कि दिसंबर से फरवरी तक की अवधि में बाजार में सब्जियों की आवक ज्यादा होने की वजह से महंगाई काबू में रहेगी। मगर सरकार की ओर से जारी ताजा आंकडों के मुताबिक, देश में खुदरा महंगाई फरवरी में बढ़ कर 3.21 फीसद हो गई। हालांकि जनवरी में यह 2.74 फीसद के स्तर पर रही थी। जाहिर है, सिर्फ एक महीने के भीतर जरूरी वस्तुओं की कीमतों में तेज इजाफा हुआ और यह पिछले दस महीने के सबसे उच्च स्तर पर दर्ज किया गया। कहा जा सकता है कि फरवरी के आंकड़े के मुताबिक महंगाई दर चार फीसद से नीचे है, लेकिन यह भी देखने की जरूरत है कि कीमतों के संदर्भ में जरूरी सामान तक आम लोगों की पहुंच किस हद तक आसान है। यह छिपा नहीं है कि रोजगार और आय की कसौटी पर देश की ज्यादातर आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। लंबे समय से स्थिर आमदनी और कमजोर क्रयशक्ति की स्थिति में जब सबसे जरूरी चीजों पर लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उसके लिए मुश्किलें पैदा होती हैं। फरवरी में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण दरअसल खाने-पीने की चीजों के दामों में बढ़ोतरी रहा। खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि ग्राहकों की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। इसी वजह से रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते समय खुदरा महंगाई को ही अपना आधार बनाता है। अगर खुदरा महंगाई की दर उसके तय दायरे यानी चार फीसद के बाहर चली जाती है तो फिर कर्ज के सस्ता होने की उम्मीद भी कम हो जाती है। महंगाई के ताजा आंकड़े फरवरी के हैं, जब पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात नहीं थे।

# जेब में पलता अदृश्य ज़हर : सोशल मीडिया और युवा मन का संकट

### आभासी सफलता का दबाव और युवा मन का अवसाद

### सोशल मीडिया: मनोरंजन नहीं, मानसिक प्रदूषण का नया दौर




कभी मानव सभ्यता को खतरा बाहरी प्रदूषणों से था—धुएँ से, प्लास्टिक से, रसायनों से। पर आज सबसे घातक प्रदूषण हमारी जेब में रखा हुआ है—मोबाइल की चमकती स्क्रीन और उस पर दौड़ती सोशल मीडिया की दुनिया। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, पर मन और चेतना को भीतर से क्षीण कर देता है। यह शरीर को नहीं, आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आशा को खा जाता है। यही कारण है कि बीते कुछ वर्षों में युवाओं में अवसाद, अकेलापन और आत्महत्या की घटनाओं के पीछे सोशल मीडिया की भूमिका तेजी से चर्चा में आई है। यह तकनीक सुविधा का साधन बनकर आई थी, लेकिन अनियंत्रित उपयोग ने इसे मानसिक विष में बदल दिया है।

सोशल मीडिया का सबसे गहरा असर युवा मन की तुलना करने की प्रवृत्ति पर पड़ता है। यह मंच एक ऐसा आभासी संसार रच देता है जहाँ हर व्यक्ति अपनी जिंदगी का सबसे चमकदार पक्ष ही दिखाता है। महंगी कारें, शानदार यात्राएँ, आकर्षक चेहरे और लगातार मिलती सफलता—इन दृश्यों को देखकर एक सामान्य युवा अनजाने में स्वयं को असफल समझने लगता है। उसे लगने लगता है कि बाकी सब लोग जीवन की दौड़ में उससे बहुत आगे निकल चुके हैं। यही निरंतर तुलना धीरे-धीरे आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है और व्यक्ति को भीतर से तोड़ने लगती है।

मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि सोशल मीडिया पर मिलने वाली प्रतिक्रिया-लाइक, कमेंट और शेयर-एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक लत पैदा करती है। हर बार जब किसी पोस्ट पर प्रतिक्रिया मिलती है, तो मस्तिष्क में डोपामिन नामक रसायन सक्रिय होता है, जो क्षणिक खुशी देता है। लेकिन यही खुशी व्यक्ति को बार-बार उसी प्रतिक्रिया की तलाश में बाँध देती है। जब अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो निराशा और बेचैनी बढ़ जाती है। धीरे-धीरे यह मानसिक निर्भरता व्यक्ति के आत्मसम्मान को पूरी तरह बाहरी स्वीकृति पर आश्रित बना देती है।

इस समस्या का दूसरा गंभीर पक्ष है साइबर बुलिंग। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी, लेकिन इसके साथ ही अपमान और उत्पीड़न के नए रास्ते भी खोल दिए। गुमनाम पहचान के पीछे छिपकर लोग दूसरों का मजाक उड़ाते हैं, अपमानजनक टिप्पणियाँ करते हैं या निजी तस्वीरों को वायरल कर देते हैं। किशोर और युवा उम्र में आत्मसम्मान बेहद संवेदनशील होता है; ऐसे में सार्वजनिक अपमान मानसिक आघात बन जाता है। कई मामलों में यह अपमान इतना गहरा होता है कि पीड़ित युवा स्वयं को समाज के सामने असहाय महसूस करने लगता है।

एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि सोशल मीडिया युवाओं के वास्तविक संबंधों को कमजोर कर रहा है। पहले दुख या तनाव के समय व्यक्ति परिवार, मित्रों या समाज के बीच समाधान खोजता था। अब वही व्यक्ति अपनी भावनाएँ स्क्रीन पर उकेर देता है। लेकिन वर्चुअल दुनिया में संवेदनशीलता का स्थान अक्सर प्रतिक्रिया और मनोरंजन ने ले लिया है। कई बार गंभीर पीड़ा को भी लोग हल्के में लेते हैं या उसे मजाक बना देते हैं। परिणामस्वरूप पीड़ित व्यक्ति और अधिक अकेला महसूस करता है।

डिजिटल लत का प्रभाव युवाओं की दिनचर्या पर भी स्पष्ट दिखाई देता है। देर रात तक मोबाइल पर सक्रिय रहने से नींद प्रभावित होती है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। नींद की कमी से चिड़चिड़ापन, चिंता और ध्यान की कमी बढ़ती है। पढ़ाई, करियर और सामाजिक जीवन पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। जब व्यक्ति बार-बार असफलता या असंतुलन महसूस करता है, तो उसके भीतर निराशा की भावना और गहरी होने लगती है।

सोशल मीडिया की एक और खतरनाक प्रवृत्ति है 'परफेक्ट लाइफ' का भ्रम। यह मंच वास्तविक जीवन की जटिलताओं को छिपाकर केवल आकर्षक क्षणों को सामने लाता है। संघर्ष, असफलता और साधारण जीवन के पल लगभग गायब रहते हैं। परिणामस्वरूप देखने वाले युवाओं को लगता है कि बाकी सभी लोग खुश और सफल हैं, केवल वही संघर्ष कर रहे हैं। यही भ्रम धीरे-धीरे आत्मसम्मान को कमजोर करता है और जीवन के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करता है।

हाल के वर्षों में कई देशों में किए गए अध्ययन यह संकेत देते हैं कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग और युवाओं में बढ़ती मानसिक समस्याओं के बीच स्पष्ट संबंध दिखाई देता है। चिंता, अवसाद, आत्महीनता और अकेलापन—ये सभी समस्याएँ अनियंत्रित सोशल मीडिया उपयोग से और बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति लगातार आभासी दुनिया में डूबा रहता है, तो वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जूझने की उसकी क्षमता धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगती है।

इस समस्या का समाधान केवल तकनीक से दूरी बनाने में नहीं, बल्कि उसके विवेकपूर्ण उपयोग में छिपा है। युवाओं को यह समझाना आवश्यक है कि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली दुनिया पूरी सच्चाई नहीं होती। यह जीवन का केवल चुना हुआ और सजाया हुआ हिस्सा होता है। यदि युवा इस अंतर को समझ लें, तो वे तुलना और निराशा के जाल से बच सकते हैं। इसके साथ ही डिजिटल अनुशासन भी उतना ही आवश्यक है—सीमित समय तक उपयोग, नियमित विश्राम और वास्तविक जीवन की गतिविधियों में भागीदारी।

परिवार और शिक्षा संस्थानों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। माता-पिता को बच्चों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए और उनकी भावनात्मक स्थिति को समझने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य और डिजिटल साक्षरता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि युवा ऑनलाइन दुनिया के खतरों को पहचान सकें। यदि समाज समय रहते संवेदनशीलता और समर्थन का वातावरण बना सके, तो कई दुखद घटनाओं को रोका जा सकता है।

आज तकनीक को नकारना संभव नहीं, क्योंकि वह हमारे जीवन की धड़कनों में शामिल हो चुकी है। प्रश्न यह नहीं कि सोशल मीडिया रहे या नहीं, बल्कि यह है कि हम उसका उपयोग किस विवेक और जिम्मेदारी के साथ करते हैं। यदि इसका संतुलित और सजग उपयोग हो, तो यही माध्यम ज्ञान, रचनात्मकता और संवाद का सशक्त सेतु बन सकता है। लेकिन यदि नियंत्रण खो जाए, तो यही चमकती स्क्रीन धीरे-धीरे मानसिक विष बनकर हमारी युवा पीढ़ी की ऊर्जा, आत्मविश्वास और आशा को भीतर ही भीतर निगल सकती है।

आज आवश्यकता है कि समाज इस अदृश्य खतरे को गंभीरता से समझे। प्लास्टिक पर्यावरण को प्रदूषित करता है, लेकिन सोशल मीडिया का असंतुलित प्रभाव मन और विचारों को प्रदूषित कर सकता है। यदि हम युवाओं को सुरक्षित और सशक्त भविष्य देना चाहते हैं, तो हमें उन्हें आभासी चमक से अधिक वास्तविक जीवन के मूल्य सिखाने होंगे। तभी यह पीढ़ी निराशा के अंधेरे में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और संतुलन की रोशनी में आगे बढ़ सकेगी।

**प्रो. आरके जैन अरिजीत,**
बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

### मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के बैनर तले शुक्रवार को जिले के शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर विरोध जताया। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार दिनेश सोनतरिया को ज्ञापन सौंपकर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश को निरस्त करने की मांग की। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हबीबुल्ला खान, प्रदेश संगठन मंत्री व जिला संयोजक गोपीचंद सहिते, जिलाध्यक्ष विनोद पंडित और जिला प्रभारी गिरिराज शर्मा ने बताया कि नियुक्ति के बाद कार्यरत शिक्षकों से दोबारा टीईटी परीक्षा लेना सेवा शर्तों के नियमों के विरुद्ध है। किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति के बाद पात्रता परीक्षा लेने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि लोक शिक्षण संचालनालय का यह आदेश निरस्त नहीं किया गया तो प्रदेशभर के शिक्षक परिवारों और जनप्रतिनिधियों के साथ जनआक्रोश आंदोलन करेंगे। इस दौरान अजाक्स, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, राज्य कर्मचारी संघ और लघुवेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने भी समर्थन दिया।

### बाबा साहब की प्रतिमा का स्ट्रक्चर पीछे करने से नाराजी, निगम कमिश्नर के चैंबर के सामने धरना

**दैनिक इंदौर संकेत**



**बुरहानपुर** • लालबाग में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए बने सीमेंट-कंक्रीट के स्ट्रक्चर को नगर निगम द्वारा तोड़े जाने और पीछे खिसकाए जाने का विरोध हो रहा है। शुक्रवार दोपहर बड़ी संख्या में समाजजन नगर निगम पहुंचे और कमिश्नर के चैंबर के सामने धरने पर बैठ गए। नगर निगम कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि वह मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के संबंध में नेपानगर में थे। उन्होंने कहा कि स्ट्रक्चर को पीछे किया जा रहा है क्योंकि इस पर आपत्ति आई थी और जिला प्रशासन ने भी ऐसा करने को कहा था। शिवाजी नगर लालबाग की पार्षद मीना सुरवाड़े ने इस कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापना का काम 'आठ दिन में हो जाएगा' जैसे आश्वासनों के साथ लगातार टाला जा रहा है। अब तो बने हुए स्ट्रक्चर को ही तोड़कर पीछे किया जा रहा है, जिससे निगम की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।

पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सुरवाड़े ने बताया कि बाबा साहब की प्रतिमा के लिए तीन साल से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पहले भूख हड़ताल और अनशन भी किया था, जिसके बाद कमिश्नर ने अनशन तुड़वाया था। काम के लिए तीन बार टेंडर निकाले गए और वर्क ऑर्डर भी जारी हो चुका था। स्ट्रक्चर बनने के बाद अब कहा जा रहा है कि यह गलत बन गया है और इसे पीछे करके नया बनाया जाएगा। सुरवाड़े ने मांग की कि प्रतिमा का स्ट्रक्चर उसी स्थान पर बने जहां मूल रूप से चिन्हित किया गया था और वर्क ऑर्डर जारी हुआ था। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्ट्रक्चर को उसी स्थान पर नहीं बनाया गया तो आंदोलन किया जाएगा। बसपा जिलाध्यक्ष प्रमोद गाढ़े ने नगर निगम कमिश्नर और महापौर पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तीन साल से बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित न होने देना भेदभाव प्रदर्शित करता है। गाढ़े ने मांग की कि प्रतिमा चिन्हित स्थान पर ही स्थापित हो, अन्यथा समाज उग्र आंदोलन करेगा। उन्होंने स्ट्रक्चर तोड़ने को 'पैसे का दुरुपयोग' भी बताया।

### गैस महंगाई के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन, नाले में पाइप डाल 'गटर गैस' से सिलेंडर भरने का किया प्रतीकात्मक प्रयास

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खंडवा** • बढ़ती गैस कीमतों और शहर में एलपीजी सिलेंडर की कमी को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। शहर के तीन पुलिया क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाले में पाइप डालकर 'गटर गैस' से सिलेंडर भरने का प्रतीकात्मक प्रयास किया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांधी भवन से रैली के रूप में तीन पुलिया पहुंचे। यहां खाली गैस सिलेंडरों की लाइन लगाकर नाले में पाइप डालते हुए गैस निकालने का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया।

#### सरकार पर साधा निशाना

प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पहले नाले की गैस से चाय बनाने की बात कही गई थी। उसी बयान को आधार बनाकर कांग्रेस ने यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमत और कमी से आम लोगों की परेशानियां बढ़ रही हैं और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए और कांग्रेस के इस अनोखे विरोध को देखने के लिए काफी देर तक भीड़ लगी रही। इस मौके पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रचना तिवारी, प्रतिभा कसेरा, मीनू मंडलोई, मीना वर्मा, रूपा कास्डे, नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर, चैनसिंह वर्मा, विकास व्यास, इमरान गौरी, यशवंत सिलावट, राजकुमार कैथवास, प्रेमांशु जैन सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आजाद नगर फीडर पर लगेगा नया डीटीआर कई क्षेत्रों में 2 घंटे नहीं रहेगी लाइट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • बुरहानपुर में आज कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति दो घंटे तक प्रभावित रहेगी। यह कटौती केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत 11 केवी आजाद नगर फीडर पर नया डीटीआर (डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर) लगाने के काम के कारण होगी। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 11 केवी आजाद नगर फीडर पर नवीन डीटीआर लगाने का काम किया जाएगा। यह कार्य केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण आरडीएसएस योजना के तहत हो रहा है, जिसका उद्देश्य विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करना है। बिजली कंपनी के सहायक यंत्री (एचटी मेंटेनेंस) रोहित भारती ने बताया कि विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। इससे अख्तर कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, टीआईटी कॉलोनी, आदिल सेठ डीपी और जलगांव डीजल के आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे। भारती ने यह भी बताया कि कार्य की आवश्यकता के अनुसार बिजली कटौती के समय में बदलाव किया जा सकता है।

### ओंकारेश्वर नगर परिषद स्टाफ के साथ मारपीट, अतिक्रमण हटाने के दौरान सीएमओ, आरआई से विवाद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • ओंकारेश्वर में अतिक्रमण हटाने के दौरान विवाद का मामला सामने आया हैं। नगर परिषद स्टाफ के साथ ठेला व्यवसायी महिला और उसके दो बेटों ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना गुरूवार देर शाम की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, विवाद ऐश्वर्या होटल के पास हुआ है। मांधाता पुलिस के मुताबिक, मामले में नगर परिषद के राजस्व निरीक्षक नीरज रावत ने शिकायत की। इस शिकायत के आधार पर ब्रह्मपुरी क्षेत्र निवासी रेखाबाई, विक्रम व राजेंद्र के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने संबंधी धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

शिकायत में राजस्व निरीक्षक नीरज रावत ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान रेखाबाई, विक्रम और राजेंद्र को नींबू पानी का ठेला हटाने के लिए बोला गया था। जिनके द्वारा कार्रवाई में सहयोग करने की अपेक्षा विवाद किया गया। स्टाफ के साथ गाली-गलौज की गई। कार्रवाई में शामिल सीएमओ मोनिका पारधी, नगर परिषद की कर्मचारी ज्योति व मुस्कान के साथ झूमाझटकी की गई। इधर, टीआई अनोक सिंधिया ने बताया कि, फिलहाल केस दर्ज कर मामले की जांच कर रहे है।

### नपा अध्यक्ष-पटवारी में कहासुनी :पट्टा वितरण कार्यक्रम में विवाद, जनप्रतिनिधि धरने पर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** • आगर मालवा में पट्टा वितरण कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष और एक पटवारी के बीच बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि नगर पालिका अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम स्थल पर ही धरने पर बैठ गए। मामला शांत करने के लिए प्रशासन को संबंधित पटवारी को कार्यालय अटैच करना पड़ा।

यह घटना जिला मुख्यालय स्थित पुरानी नगर पालिका परिसर में 'मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना 2026' के तहत आयोजित पट्टा वितरण कार्यक्रम की है। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान मुख्य अतिथि थे। मंत्री जी कुछ हितग्राहियों को




पट्टे बांटकर चले गए, जिसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश जैन पटेल और अन्य पार्षद बाकी बचे पट्टों का वितरण कर रहे थे।

#### प्रशासनिक बैठक और कार्रवाई

हंगामे की खबर मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। विवाद सुलझाने के लिए नगर पालिका कार्यालय में एक समन्वय बैठक बुलाई गई, जिसमें विधायक मधु गहलोत, भाजपा जिला अध्यक्ष और एडीएम-एसडीएम समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

#### पटवारी पर गिरी गाज

एसडीएम मिलिंद ढोके ने बताया कि पट्टा वितरण के दौरान समन्वय की कमी के कारण विवाद की स्थिति बनी थी। शुरुआती जांच के बाद पटवारी महेश मालवीय को फिलहाल तहसील कार्यालय अटैच कर दिया गया है। प्रशासन अब मामले की आगे समीक्षा कर रहा है।

# पिछले विश्वकप की तरह खेलते तो शायद ही जीत मिलती : सूर्यकुमार



**मुंबई (एजेंसी)** • कप्तान सूर्यकुमार यादव का मानना है कि समय के साथ ही खेल की रफ्तार भी बदल रही है, ऐसे में आक्रामक अंदाज अपनाना सफल रहा। वहीं अगर अगर भारतीय टीम पिछले टी20 विश्व कप की तरह खेलती तो उसे इसबार शायद ही जीत मिलती। सूर्या का कहना है कि पिछली बार जब रोहित शर्मा और विराट कोहली के समय भारतीय टीम जीती थी तब हालात अलग थे। वहीं अब अलग हैं।

कप्तान रोहित और कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में भारतीय टीम का खेल बेहद संतुलित और अनुभव पर आधारित माना जाता था। यह रणनीति 2024 तक प्रभावी रही पर दो साल बाद टी20 क्रिकेट की बदलती मांगों के सामने यह थोड़ी धीमी और पारंपरिक लगने लगी। इसी कारण सूर्यकुमार और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इस बार खिलाड़ियों को निडर होकर खेलने को कहा। इससे टीम में यह साफ संदेश दिया गया कि अब कोई भी खिलाड़ी निजी उपलब्धियों के पीछे न जाकर टीम की जीत के लिए खेलेगा। इसी कारण जरूरत के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को किसी भी क्रम पर उतारा गया। सूर्यकुमार ने कहा, हमें पता था कि 2024 टी20 विश्व कप में जिस तरह का क्रिकेट हमने खेला था, वह आगे काम नहीं करेगा। इसलिए हमने तय किया कि अब व्यक्तिगत रिकॉर्ड पर ध्यान नहीं देंगे, हमारा ध्यान सिर्फ मैच जीतना होगा। इसी कारण सेमीफाइनल तक हमारे किसी भी खिलाड़ी का नाम सबसे ज्यादा रन बनाने वालों या सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में नहीं था पर इसके बाद भी हम जीत रहे थे। इस कारण है कि हर खिलाड़ी योगदान दे रहा था। उन्होंने आगे कहा कि इस सोच को टीम में शुरू से ही मजबूत करना जरूरी था।वहीं भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक से भी माना है कि साल 2024 और 2026 की टीमों के बीच अंतर था। उनका मानना है कि 2024 की टीम अनुभव से भरी थी पर उसमें इतनी आक्रामकता नहीं थी। तब रोहित आक्रामक होकर खेलते थे जबकि विराट एक छोर संभाले रहते थे। वहीं अब टीम में कम अनुभव वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन उनमें आक्रामकता और आत्मविश्वास भरा हुआ है। टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी संतुलन लाते हैं, जबकि अभिषेक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ी अपनी अलग शैली के साथ विरोधी टीम पर दबाव बना देते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेला जाएगा टी20 विश्वकप का अगला सत्र

**मुंबई (एजेंसी)** • आईसीसी टी20 विश्वकप का 11 वां सत्र अब साल 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में संयुक्त रुप से खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट 21 अक्टूबर से 19 नवंबर, 2028 के बीच होगा। इस प्रकार साल 2022 के बाद ऑस्ट्रेलिया को दूसरी बार इस वैश्विक इवेंट की मेजबानी का अवसर मिलेगा। वहीं न्यूजीलैंड में पहली बार इस टूर्नामेंट का आयोजन होगा। टूर्नामेंट के आयोजन की जिम्मेदारी डेम थेरेसी वॉल्श के पास है। वाल्श के अनुसार ये मुकाबले ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी), सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी), एडिलेड ओवल और पर्थ का ऑप्टस स्टेडियम में खेले जाएंगे। वहीं न्यूजीलैंड में ऑकलैंड के ईडन पार्क, वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम और क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में होंगे। इस टूर्नामेंट में भी आईसीसी का साल 2024 का ही प्रारुप लागू रहेगा। इस टूर्नामेंट के लिए 12 टीमों को स्थान मिल गया है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को मेजबान होने के कारण पहले ही जगह मिल गयी है। वहीं इस साल की विजेता भारतीय टीम के अलावा, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और जिम्बाब्वे को भी इसमें रैंकिंग के आधार पर जगह मिली है। इसके अलावा अफगानिस्तान, बांग्लादेश और आयरलैंड को भी शामिल किय गया हैं। वहीं बचे 8 स्थानों के लिए रीजनल क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट इस साल के बीच में शुरू होंगे। अमेरिका और यूरोप में उप-रीजनल क्वालीफायर आयोजित किए जाएंगे, जिससे एसोसिएट देशों को भी 20 टीमों में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

# वैभव को एशियाई खेलों के लिए मिल सकती है भारतीय टीम में जगह



**मुंबई (एजेंसी)** • वैभव सूर्यवंधी को इस भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम से डेब्यू का अवसर मिल सकता है। इसका कारण है कि इस साल भारतीय टीम का काफी व्यस्त कार्यक्रम है और उसे अपनी धरती के साथ ही विदेशी मैदानों पर भी काफी क्रिकेट खेलना है। इसी को देखते हुए ये भी हो हो सकता है भारतीय बोर्ड दो टीमें उतारे जिस एक अनुभवी और दूसरी युवा क्रिकेटरों से भरी रहेगी। उसे जून से लेकर अक्टूबर तक लगाता कई टीमों से खेलना है। इसी दौरान उसे जिम्बाब्वे के अलावा नई टीम आयरलैंड से भी खेलना है। वैभव ने पिछले कुछ समय से भारतीय अंडर 19 के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इसी को देखते हुए उन्हें इस साल के अंत में एशियाई खेलों में उतरने का अवसर मिल सकता है।वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम को जून में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मुकाबले खेलने हैं, जिसके बाद जुलाई में वह सीमित ओवरों के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी। भारतीय टीम इस दौरान 5 टी20 के साथ ही 3 एकदिवसीय मैच खेलेगी। इसके अलावा इस व्यस्त कार्यक्रम के बीच दो नए दौरे भी जुड़ सकते हैं। इंग्लैंड पहुंचने से पहले भारत डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों की छोटी सीरीज खेल सकता है। वहीं श्रीलंका क्रिकेट समुद्री तूफान 'दित्वह' से हुए नुकसान की कमी पूरी करने के लिए भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों से पहले तीन टी20 मैच खेलने का अनुरोध कर सकती है।

# मिडलाइफ महिलाएं समझने लगती हैं अपनी वास्तविक कीमत : लिसा रे



**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री लिसा रे महिलाओं के स्वास्थ्य, उम्र बढ़ने और जीवन से जुड़े कई अहम विषयों पर खुलकर अपने विचार साझा करती रहती हैं। उन्होंने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मिडलाइफ को लेकर एक भावनात्मक और प्रेरणादायक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने इस दौर को महिलाओं के जीवन का महत्वपूर्ण और सशक्त चरण बताया। लिसा रे ने अपने पोस्ट में लिखा कि जब शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर कम होने लगता है, तब महिलाओं के जीवन में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। उनके अनुसार इस समय लोग दूसरों को खुश करने की पुरानी आदतों से बाहर निकलने लगते हैं और खुद पर संदेह करना भी धीरे-धीरे कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस उम्र में मानसिक शांति सबसे अधिक महत्वपूर्ण लगने लगती है और व्यक्ति अपने लिए तय की गई सीमाओं और नियमों को ज्यादा मजबूती से स्वीकार करता है।

# ऋषिकेश में ट्रेकिंग ट्रिप पर पहुंचीं निकिता



**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री निकिता दत्ता उत्तराखंड के प्रसिद्ध आध्यात्मिक और पर्यटन स्थल ऋषिकेश में ट्रेकिंग ट्रिप पर पहुंचीं, जहां उन्होंने पहाड़ों की मनमोहक वादियों और प्राकृतिक सुंदरता के बीच रोमांचक ट्रेकिंग का अनुभव लिया। निकिता दत्ता आरामदायक ट्रेकिंग कपड़ों में नजर आ रही हैं और शांत माहौल में पहाड़ी रास्तों पर चलते हुए प्रकृति का आनंद लेती दिखाई देती हैं। ट्रेकिंग करते हुए तो कभी रास्ते में रुककर खूबसूरत नजारों को निहारती और आराम करती नजर आती हैं। अभिनेत्री का यह रिलैक्स और एडवेंचरस अंदाज सोशल मीडिया पर लोगों को खूब पसंद आ रहा है। पोस्ट के साथ निकिता ने अपने प्रशंसकों के लिए एक दिलचस्प सलाह भी दी। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा कि अगर आप एडवेंचर करना चाहते हैं और घरवालों को चिंता से बचाना चाहते हैं, तो उन्हें अपने साथ ही ट्रिप पर ले जाएं। अभिनेत्री ने खासतौर पर ऋषिकेश में मौजूद सिंगटाली हाइक का जिक्र करते हुए कहा कि यहां आने वाले लोगों को इस ट्रेकिंग अनुभव को जरूर आजमाना चाहिए। उनके मुताबिक यह जगह प्रकृति प्रेमियों और रोमांच के शौकीनों के लिए बेहद खास है। बता दें कि निकिता दत्ता आज भले ही फिल्मों में सक्रिय हैं, लेकिन उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी।

## उज्जैन संभाग

# गैस की किल्लत के बाद डिमांड बढ़ी; महीने में एक बिकती थी, अब रोजाना 3 इंडेक्शन बिकते

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** •ईरान, इजराइल-अमेरिका युद्ध के चलते पुरे देश में गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। उज्जैन सहित प्रदेश में रेस्टोरेंट संचालकों को कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी गई है। गैस सिलेंडर की सप्लाई बाधित होने से सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना रेस्टोरेंट संचालक को करना पड़ रहा है। रेस्टोरेंट संचालक अब गैस सिलेंडर के विकल्प की तलाश में भट्टी बनवा रहे हैं, लेकिन भट्टी बनाने वालों के पास एकाएक इतने ऑर्डर आ गए कि करीब 10 से 15 दिन की वेटिंग के बाद भी भट्टी नहीं मिल पा रही है। इधर, घरेलू गैस सिलेंडर की जगह लोग इंडेक्शन खरीद रहे हैं। शहर के कई इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर इंडेक्शन खरीदने वालों की भीड़ लग रही है।

व्यापारी बता रहे हैं कि पहले रोजाना करीब तीन से चार या कभी पांच इंडक्शन बिकते थे, लेकिन दो दिन से 20 से 25 इंडेक्शन बिकने लगे हैं। उज्जैन में रोजाना करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु महाकाल मंदिर दर्शन करते हैं। इसमें से करीब एक लाख श्रद्धालु बाहर से आकर रुकते भी हैं। लोग यहां अलग-अलग रेस्टोरेंट में खाना खाते हैं। उज्जैन शहर में करीब 700 से अधिक रेस्टोरेंट हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाकाल मंदिर के आसपास, रेल स्टेशन, बस स्टेशन फ्रीगंज, सराफा, इंदौर और उज्जैन रोड पर मौजूद हैं। इनमें से अधिकांश पर कमर्शियल गैस सिलेंडर से खाना बनता है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद हुई तो रेस्टोरेंट संचालक अन्य विकल्प तलाशने लगे। इनमें से 75 प्रतिशत संचालक डीजल की भट्टी बनवा रहे हैं, लेकिन एकाएक डिमांड बढ़ी तो फैक्ट्री में भी एक साथ इतना माल बनाने में दिक्कत का सामना करना पड़ गया। ढांचा भवन स्थित डायमंड फैक्ट्री के संचालक राजेश शर्मा ने बताया कि गैस के कारण डीजल भट्टी का काम बंद ही हो गया था। दो दिन से गैस की दिक्कत आने लगी तो दिन भर बड़ी संख्या में लोग डीजल भट्टी के बारे में पूछने आने लगे। अब डिमांड बहुत ज्यादा बढ़ गई है। कुछ लोग लकड़ी की भट्टी का भी पूछ रहे हैं, दो दिन में तीन भट्टी बेची हैं, 12 ऑर्डर आ चुके हैं।

## आज होगा अभा कवि सम्मेलन, देश के ख्यात कवि होंगे शामिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ एवं संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन के तत्वावधान में आयोजित विक्रम उत्सव-2026 के अंतर्गत 14 मार्च को टावर चौक पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने बताया यह सम्मेलन उज्जैन की गौरवशाली साहित्यिक परंपरा को अक्षुण्ण रखने का प्रयास है। रात 8:30 बजे से कवि सम्मेलन शुरू होगा। अभा कवि सम्मेलन में देश के मूर्धन्य रचनाकार आएंगे। इनमें पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी , अरुण जैमिनी, गजेंद्र प्रियांशु, दीपक पारीक (भीलवाड़ा), प्रियंका रॉय, रागिनी झा, पार्थ नवीन, उपेंद्र पांडेय, आदित्य जैन शामिल हैं। सूत्रधार दिनेश दिग्गज होंगे।

# पुलिस ने की बलवा ड्रिल, वज्र वाहन, टियर गैस और भीड़ नियंत्रण अभ्यास कराया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण को लेकर बलवा ड्रिल आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल को भीड़ और संभावित दंगा स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास में वज्र वाहन और टियर गैस के उपयोग का प्रदर्शन किया गया। ड्रिल के दौरान डीआईजी नवनीत भसीन और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने पुलिस अधिकारियों और जवानों को भीड़ नियंत्रण की रणनीतियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। अधिकारियों ने संभावित दंगा स्थिति में बल के समन्वित उपयोग पर निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने वज्र वाहन पर चढ़कर फायरिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। जवानों को सही फायर पोजीशन और टारगेटिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस टीम ने टियर गैस सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। ड्रिल में जवानों को सिखाया गया कि भीड़ नियंत्रण से पहले माइक के माध्यम से किस तरह चेतावनी और निर्देश दिए जाते हैं। पत्थरबाजी और नारेबाजी की स्थिति में संयम बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। ड्रिल के दौरान वाहन निरीक्षण परेड आयोजित की गई। इसमें बलवा नियंत्रण में उपयोग होने वाले वाहनों और उपकरणों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश दिए।

## संतों का काम यज्ञ-अनुष्ठान करना, बीवी-बच्चों को पालना नहीं, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने दी चेतावनी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सिंहस्थ 2028 को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने फर्जी साधुओं के खिलाफ 'कालनेमी अभियान' चलाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि साधुओं का वेश धारण कर खुद को संत बताने वाले फर्जी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने उज्जैन में कहा कि यह अभियान सिंहस्थ कुंभ से पहले शुरू किया जाएगा। इसके तहत देशभर से आने वाले साधु-संतों की पहचान और सत्यापन किया जाएगा।

### संतों के पास आधार और अखाड़े का कार्ड अनिवार्य

रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि सिंहस्थ में आने वाले संतों के पास आधार कार्ड और संबंधित अखाड़े का पहचान पत्र होना जरूरी होगा। बिना पहचान वाले भगवाधारी लोगों की जांच की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संतों का वेश धारण कर लोगों को भ्रमित करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे फर्जी भगवाधारी लोगों को जेल भेजा जाएगा।

### गृहस्थ जीवन जीने वाले साधुओं पर भी कार्रवाई

रवींद्र पुरी महाराज ने कहा, बीवी-बच्चों के साथ रह रहे साधु भी सावधान हो जाएं, क्योंकि संतों का काम परमार्थ, यज्ञ-अनुष्ठान करना और विद्यालय चलाकर गरीब बच्चों को शिक्षित करना है, न कि बीवी-बच्चों का पालन-पोषण करना। इसलिए जो साधु-संत बीवी-बच्चों के साथ रह रहे हैं, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तराखंड में भी चलाया गया था अभियान

रवींद्र पुरी महाराज ने बताया कि इससे पहले उत्तराखंड में भी इस तरह का अभियान चलाया गया था, जिसमें संतों के भेष में कई लोग पकड़े गए थे। सिंहस्थ से पहले उज्जैन में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

## केरल में हत्या-लूट को दिया अंजाम, उज्जैन पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • पुलिस ने दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो हत्या और लूट के मामले में करीब 13 साल से फरार थीं। दोनों आरोपी करीब 2000 किमी दूर दक्षिण भारत में जघन्य वारदात को अंजाम देकर फरार हो गई थीं। उज्जैन पुलिस ने कार्रवाई कर दोनों को पकड़ लिया और बाद में केरल पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार वर्ष 2013 में इन महिलाओं ने अपने साथियों के साथ मिलकर केरल के कुन्नूर जिले में एक बुजुर्ग की हत्या कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद वर्ष 2016 में आंध्र प्रदेश में भी एक अन्य व्यक्ति के साथ लूट की घटना में इनकी संलिप्तता सामने आई थी। वारदातों के बाद से दोनों आरोपी फरार चल रही थीं और केरल पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। जांच के दौरान केरल पुलिस को जानकारी मिली कि दोनों आरोपी दिल्ली में छिपकर रह रही हैं। आरोपियों की पहचान निवासी दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रूप में हुई। यह जानकारी केरल पुलिस ने उज्जैन पुलिस के साथ साझा की।

# अंतरराष्ट्रीय किन्नर अखाड़ा की बैठक, सिंहस्थ की तैयारी, कई संतों को मिली महामंडलेश्वर

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** • सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के संबंध में इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने विभिन्न राज्यों से आए किन्नर संतों को महामंडलेश्वर और श्रीमहंत की उपाधि प्रदान की। साथ ही सिंहस्थ में भूमि आवंटन और धर्म से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। यह बैठक उज्जैन के शिवांजलि गार्डन में संपन्न हुई। इसमें अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और देश के विभिन्न राज्यों से आए किन्नर संत एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ में अखाड़े की व्यवस्थाओं, मर्यादाओं और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करना था।बैठक के उपरांत, इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने विधि-विधान से कई किन्नर संतों का पट्टाभिषेक किया। इस समारोह में चांदी के शंख से दुग्धाभिषेक, केसरिया शॉल ओढ़ाकर और पुष्प वर्षा के बीच वैदिक मंत्रोच्चार किए गए। इस अवसर पर सूरत के दिलीपनंद गिरी, तेलंगाना के महाकालीनंद गिरी, राजस्थान के कामाख्यानंद गिरी सीतारमण और उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ गढ़ी मानिकपुर की रेखानंद गिरी को महामंडलेश्वर की उपाधि से सम्मानित किया गया। वहीं, गुजरात की नंदिनीनंद गिरी, महाराष्ट्र के अकोला से गणेशानंद गिरी के साथ-साथ इंदौर की सुनहरी नंद गिरी, आकांक्षा नंद गिरी, गुंजन नंद गिरी, अलोपी नंद गिरी और खुशीनंद गिरी को श्रीमहंत बनाया गया। किन्नर अखाड़े के पदाधिकारियों ने बताया कि सिंहस्थ 2028 को लेकर दो दिनों से गहन विचार-विमर्श चल रहा है। इस दौरान अखाड़े की मर्यादाओं, नियमों और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। सरकार से यह भी मांग की जाएगी कि जिस प्रकार अन्य अखाड़ों के महामंडलेश्वरों को भूमि आवंटित की जाती है, उसी प्रकार किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वरों के लिए भी अलग से भूमि उपलब्ध कराई जाए।बैठक में किन्नर समाज को सनातन धर्म से जोड़ने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जोर दिया गया।

## रसोई गैस संकट पर गुदगुदी...



















### न्यूज ब्रीफ

## नारकोटिक्स के फरार 16 आरोपियों पर एक लाख 30 हजार रुपये इनाम घोषित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** नारकोटिक्स विंग इंदौर द्वारा एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले व्यक्तियों को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। उप पुलिस महानिरीक्षक नारकोटिक्स विंग इंदौर श्री महेश चंद जैन ने बताया कि थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित संशोधित पुलिस रेग्यूलेशन में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि जो कोई व्यक्ति इन फरार आरोपियों को विधि प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार करवाने में सहयोग करेगा अथवा उनकी गिरफ्तारी के संबंध में पुख्ता सूचना देगा, जिसके आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी, उसे निर्धारित राशि के अनुसार नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## जिले में पी.एम. राहत योजना का क्रियान्वयन शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर जिले में पी.एम. राहत योजना (सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार) की शुरूआत 20 फरवरी से की गई है। योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन ऑवर के दौरान दुर्घटना की तिथि से सात दिनों के भीतर डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। जिले में पी.एम. राहत योजना के क्रियान्वयन की स्थिति को जानने के लिए शुक्रवार को आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने आयुष्मान के अंतर्गत संचालित निजी चिकित्सालयों का भ्रमण किया। सुपर यूनिक नीमा चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पी.एम. राहत योजना के अंतर्गत उपचाररत मरीज से जानकारी प्राप्त की। 40 वर्षीय युवक को सड़क दुर्घटना के दौरान पैर में गंभीर चोट लगने के कारण इस योजना के अंतर्गत 08 मार्च को भर्ती किया गया है, जिनका इलाज जारी है।

# रसोई गैस बुकिंग का ओटीपी रोक रहा सिलेंडर की डिलीवरी, कलेक्टर ने सीएस को बताई समस्या

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर ●** रसोई गैस की सप्लाई सही से चलाने के लिए एमपी सरकार और प्रशासन पूरी कोशिश कर रहे हैं। वहीं तेल कंपनियों के सर्वर ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब, गैस सिलेंडर डिलीवरी के लिए ओटीपी जरूरी कर दिया गया है। बिना ओटीपी के डिलीवरी वाला सिलेंडर नहीं दे रहा है। सर्वर डाउन होने की वजह से ज्यादातर लोगों को ओटीपी नहीं मिल पा रहा है। इससे सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो रही है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने रसोई गैस व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार शाम को सभी कलेक्टरों के साथ वीसी भी की। इसमें इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने यह बात रखी कि तेल कंपनियों को सर्वर दुरुस्त करने की जरूरत है। साथ ही इंदौर में गैस एजेंसी संचालक मांग कर रहे हैं कि ओटीपी व्यवस्था को अभी रोका जाए, ताकि बैकलॉग डिलीवरी तेजी से कर दी जाए। इसके बिना बुकिंग रुक रही है। वहीं ग्राहक एजेंसी पर आ रहे हैं। इस संबंध में मप्र शासन तेल कंपनियों से बात कर रहा है।

**गैस डीलर्स ने की थी मांग**-इंदौर में गैस एजेंसी और डीलर्स ने गुरुवार दोपहर को इसे लेकर कलेक्टर से मुलाकात की और समस्या बताई। उन्होंने मांगपत्र भी दिया, जिसमें कहा गया कि पैनिक बुकिंग की वजह से दस गुना ज्यादा बुकिंग हो रही हैं।

इसके अलावा, सर्वर की समस्या भी है, जिससे ऑनलाइन बुकिंग (lpg gas cylinder crisis) करना मुश्किल हो रहा है। इसका असर यह हो रहा है कि ग्राहक एजेंसी पर आ रहे हैं और भीड़ बढ़ रही है। साथ ही, ओटीपी की भी समस्या है। अगर इसे होल्ड किया जाए, तो डिलीवरी जल्दी हो पाएगी।

### समस्याओं के लिए प्रशासन ने बनाया कंट्रोल रूम

ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच प्रशासन ने रसोई गैस सिलेंडर से जुड़ी किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव के लिए कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 जारी किया गया है। जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम में सहायक आपूर्ति अधिकारी कल्पना परामाणिक (मोबाइल नंबर 9399142251) पदस्थ हैं। साथ ही कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सवेसिंह गामड़ (8120041922) हैं। कंट्रोल रूम में कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित नागर (9200249020), रोहित बर्मन (8085799812), महेश जगताप (6260271176) और अब्दुल समद (9926062731) को भी तैनात किया गया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री के निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की

### बैतूल पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री स्वर्गीय सुरभि खंडेलवाल के असामयिक निधन पर आज भाजपा नेताओं ने बैतूल पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक रमेश मेंदोला, मनोज पटेल, पूर्व विधायक जीतू जीराती, रामदास गर्ग, नीतेश नरवले, राजेश शिरोडकर, रानू गर्ग ने बैतूल पहुंचकर श्री खंडेलवाल के निवास पर सुरभि खण्डेलवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनके परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# आलोक नागर और राजेश भट्ट होंगे मप्र के सूचना आयुक्त, नोटिफिकेशन जल्द

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर ●** जिन दो नामों पर सहमति बनी है, इनमें फर्म एंड सोसाइटी पूर्व रजिस्टार आलोक नागर और दूरदर्शन में कार्यरत राजेश भट्ट शामिल हैं। बता दें कि राज्य सूचना आयोग में अधिकतम 10 सूचना आयुक्तों के पद भरे जा सकते हैं। वर्तमान में आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त और तीन सूचना आयुक्त कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट हर साल सभी राज्यों से सूचना आयोगों में रिक्त पदों की जानकारी मांगती है। कुछ महीने पहले राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को भेजी गई स्टेटस रिपोर्ट में बताया था कि मध्यप्रदेश में एक मुख्य सूचना आयुक्त और तीन सूचना आयुक्त कार्यरत हैं। इसके अलावा तीन पद भरे जाने के लिए प्रस्तावित हैं।

इसके बाद राज्य सरकार ने तीन पदों के लिए रिक्तियां निकाली थीं, लेकिन चयन प्रक्रिया के दौरान फिलहाल दो ही पदों पर नियुक्ति को मंजूरी दी गई है। इन दोनों नामों पर राज्यपाल की सहमति मिल चुकी है और अब सरकार की ओर से औपचारिक नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद दोनों नए सूचना आयुक्तों का शपथ ग्रहण कराया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख:** जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों को समय पर नहीं भरने पर सख्त रुख अपनाया था। जिसके बाद मध्य प्रदेश में राज्य सूचना आयोग में नियुक्ति प्रक्रिया तेज हो गई।

**रिक्त पदों की स्थिति:** राज्य सूचना आयोग में कुल 10 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से मुख्य सूचना आयुक्त सहित तीन पद भरे हुए हैं, जबकि सात पद अभी भी रिक्त हैं। इन खाली पदों के कारण आयोग में 23 हजार से अधिक अपीलें लंबित हैं।

**नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी:** राज्य सरकार को तीन रिक्त पदों के लिए 219 आवेदन प्राप्त हुए थे।

## मंत्री तुलसी सिलावट पर बोले जीतू पटवारी-वह झूठ बोलते हैं, चार दिन में पेट्रोल पंप हो जाएंगे बंद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**





**इंदौर ●** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार 13 मार्च को सांवेर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की ब्लॉक स्तर पर बैठकें ली। इसी दौरान उन्होंने मंत्री तुलसी सिलावट को घेरा। एक बार उनकी एक्टिंग करके हिलते हुए दिखाया। इसके बाद कहा कि पहले तो वह सीधे खड़े ही नहीं होते, ये उं, वो, ओ ये करते हैं।

**महिला बोली मैं कॉलर पकड़ने को तैयार**-फिर जीतू पटवारी ने एक महिला से पूछा क्यों दीदी वह झूठ बोलते हैं या नहीं। इस पर महिला ने कहा कि मैं उनकी कॉलर पकड़ने तक को तैयार रहती हूं। कालिंद गोल्ड की मैं ऐसी लेडी ऐसी हूं, जो मजबूती से हजारों के बीच भी खड़ी रहती हूं। जब भी वह आते हैं वह बेवकूफ बनाकर जाते हैं। आज मंदिर बनवाउंगा दीदी, लाइट की समस्या का तो समाधान मेरे पास नहीं ही दीदी ये बोलकर वह जाते हैं। अधिकारी भी सभी चोर है, हमे बिजली बिल ज्यादा आते हैं, अमीरों से कोई वसूली नहीं होती है। पटवारी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आज लोगों को सिलेंडर के लिए लाइन में लगवा दिया है। जब महंगाई की बात करो तो कहते हैं कट्टर हिंदू बनो, जब स्वास्थ्य की बात करो, दवाई महंगी हो रही है तो फिर कहते हैं मुसलमानों से नफरत करो। जब देश, परिवार का कोई सवाल करते हैं तो पीएम, आरएसएस नफरत फैलाने की बात करते हैं। पटवारी बोले चार दिन में पेट्रोल पंप बंद होने लग जाएंगे, पेट्रोल पंपों पर लाइन लगने जाएगी, तब भी कहेंगे पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। अभी यूरिया की कह रहे थे कोई कमी नहीं है। लेकिन लाइन लग रही थी और लोग मर गए। पटवारी ने सांवेर क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय पंचायत समिति कार्यकर्ता सम्मेलन किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीन बोरासी के साथ ही कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। यह सम्मेलन कांग्रेस को मजबूत बनाने और आगे की रूपरेखा बनाने, जनहित के मुद्दे और कैसे उठाने हैं इसके लिए हुए।

# महिला आईएएस के फार्महाउस जुआकांड के आरोपी जगदीश हड्डा कूबड़ा की है गैंग, पूर्व मंत्री, एमएलए का वरदहस्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर ●** आईएएस वंदना वैद्य के फार्महाउस पर हुए जुआकांड का मुख्य आरोपी जगदीश हड्डा राठौड़ उर्फ कूबड़ा फरार है। जब कूबड़ा की पूरी कुंडली खंगाली तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। यह एक बड़ी गैंग का सदस्य है। यह राजगढ़ (धार जिला) की पूरी गैंग है जो कई सालों से संचालित हो रही है। धार में सख्ती के बाद यह गैंग आसपास के जिलों में सक्रिय होकर जुआ खिलवाने के साथ ही सट्टे की लाइन भी चलाती है।

यह गैंग मूल रूप से मनीष चाइस और भूपेंद्र जैन कांकरिया नाम के व्यक्तियों की है। ये राजगढ़ थाना एरिया के ही हैं। कांकरिया के चंद्रेशखर आजाद नगर मार्ग राजगढ़ में जगदीश हड्डा किराए पर रहता है। चाइस और कांकरिया सट्टे की मुख्य लाइन संभालते हैं। हड्डा जुआ टेबल चलाने का काम देखता है। धार में सख्ती के बाद अब हड्डा लगातार घूमता रहता है। जहां सेटिंग जम जाती है, वहां पर जुआरियों को बुलाकर जुआ खिलवाने का काम करता है। करीब एक महीने से हड्डा, मानपुर एरिया में ही सक्रिय है और जुआ करवा रहा है। इस गैंग के कई सदस्यों पर धार जिले के थानों, क्राइम ब्रांच में केस दर्ज है। इस गैंग के एक परिजन को मंडी में अनाज कारोबारी का लाइसेंस भी दिलवाया गया है। इसके जरिए जुआ, सट्टा की कमाई को अनाज खरीदी के कारोबार से ब्लैक से व्हाइट में तब्दील करने का काम होता है। इस पूरे मामले में आला अधिकारियों ने लापरवाही पर टीआई मानपुर लोकेंद्र सिंह हिरवे, एसआई मिथुन ओसारी और एएसआई रेशम गिरवाल को सस्पेंड किया है। मौके पर पुलिस की दबिश के बावजूद कूबड़ा फरार हो गया। इसमें चौंकाने वाली बात आई है कि फरार आरोपियों में पुलिस कूबड़ा के खास साथी दिनेश राजपूत का नाम ही नहीं ले रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजपूत और सागर सेन नाम का व्यक्ति अपने साथ ही कार लेकर फार्महाउस गया था। यह भी इस गैंग का साथी है और राजपूत के साथ घूमता है। राजपूत जगदीश हड्डा कूबड़ा का मुख्य करीबी और इसी की गैंग का सक्रिय सदस्य है। ऐसे में पूलिस ने कूबड़ा को तो फरार बताया है, लेकिन राजपूत का नाम अभी तक कहीं नहीं आया। जबकि वह भी रात को फार्महाउस पर ही मौजूद था। इस गैंग के लिए साल 2018 से 2023 का समय काफी फलने-फूलने वाला रहा था। इसी जिले के एक मंत्री का वरदहस्त इस गैंग पर रहा, और पूरे जिले में जमकर जुआ टेबल, सट्टा लाइन, बुकी का दौर चला था। इसी समय में गैंग ने अपना फैलाव किया और हर जगह सट्टा फैला दिया था। साल 2023 के बाद सीएम बदले और मंत्री भी चुनाव हारकर पूर्व मंत्री हो गए थे।

## एमवाय हॉस्पिटल में सुरक्षा इंचार्ज पर अपराधिक रिकॉर्ड का खुलासा!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** शहर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल महाराजा यशवंतराव हॉस्पिटल में सुरक्षा गार्डों के इंचार्ज पद पर तैनात विवेक जयसवाल के खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब उनके पुलिस रिकॉर्ड सामने आए। सवाल उठ रहा है कि इतने संवेदनशील पद पर अपराधी को बिना पुलिस वेरिफिकेशन के कैसे रखा गया, क्या अस्पताल प्रशासन अंधा है या कोई साठगांठ चल रही है।

दोनों मामलों में पता लगभग एक ही है और पिता का नाम भी समान। यानी एक ही व्यक्ति। MY हॉस्पिटल जैसे बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जहां हजारों मरीज, डॉक्टर और स्टाफ आते-जाते हैं, वहां सुरक्षा इंचार्ज का पद संभालने वाला व्यक्ति खुद दो आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। सुरक्षा इंचार्ज का काम सिर्फ गार्डों को कमांड करना नहीं है, बल्कि अस्पताल की पूरी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी भी है। ऐसे व्यक्ति पर भरोसा कैसे किया जा सकता है। सरकारी नौकरी या संवेदनशील पदों पर पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य होता है। क्या रूङ्ग हॉस्पिटल प्रशासन ने यह वेरिफिकेशन कराया था। अगर नहीं, तो यह लापरवाही किस स्तर की है और अगर कराया था तो भी अपराधी को कैसे नियुक्त किया गया। क्या अस्पताल अधीक्षक को इसकी जानकारी नहीं थी? स्थानीय नागरिकों और अस्पताल स्टाफ में इस खुलासे से गुस्सा है। एक व्यक्ति ने कहा, 'इतने बड़े अस्पताल में अपराधी सुरक्षा इंचार्ज बनकर घूम रहा है, तो आम आदमी की सुरक्षा का क्या भरोसा।' अब देखना यह है कि एमवाय हॉस्पिटल प्रशासन और इंदौर पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है।

विवेक जयसवाल (पिता : राजेश जयसवाल) के दो अलग-अलग पुलिस रिकॉर्ड कुछ इस प्रकार हैं :



आबकारी अधिनियम का मामला
अपराध संख्या : 989/2018
पंजीकरण तिथि : 17 सितंबर 2018, दोपहर 2:48 बजे
धारा : मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2)
थाना : भवांगंगा, इंदौर अर्बन
उम्र उस समय : 24 वर्ष
पता : 426, गोविंद कॉलोनी, भवांगंगा, इंदौर

आयुष अधिनियम का मामला
अपराध संख्या : 798/2014
पंजीकरण तिथि : 8 अक्टूबर 2014, शाम 6:10 बजे
धारा : आयुष अधिनियम 1959 की धारा 25
थाना : एरोड्रोम, इंदौर अर्बन
उम्र उस समय : 22 वर्ष
पता : 426, गोविंद कॉलोनी, इंदौर

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।